संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-155 रविवार, 07 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## इतिहास नहीं जानते पीएम मोदी

### हिंदू महासभा के अध्यक्ष,मुस्लिम लीग छाप बयान पर जयराम रमेश का पलटवार





नई दिल्ली,06अप्रैल 2024(ए)। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसको लेकर पीएम मोदी ने मुस्लिम लीग की छाप बताकर तंज कसा था। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पलटवार किया है। जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपना इतिहास नहीं जानते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री को वास्तव में अपना इतिहास नहीं पता है। उन्होंने कहा कि वह कोई और नहीं बल्कि हिंदू महासभा के अध्यक्ष मुखर्जी थे, जो खुद मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे। जयराम रमेश ने बीजेपी पर विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाया।

#### कांग्रेस के पास न तो सिद्धांत बचे हैं और न ही नीतियां

अजमेर में उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी के चुनावी वादे पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि मुस्लिम लीग की मुहर वाले इस घोषणापत्र में जो कुछ बचा था, उसे वामपंथियों ने अपने कब्जे में ले लिया है। आज कांग्रेस के पास न तो सिद्धांत बचे हैं और न ही नीतियां। ऐसा लगता है जैसे अगर कांग्रेस ने सब कुछ ठेके पर दे दिया है और पूरी पार्टी को आउटसोर्स कर दिया है।

#### पीएम मोदी ने यूपी और राजस्थान में कांग्रेस के घोषणा-पत्र में बोला हमला

उन्होंने कहा कि हिंदू महासभा भी सिंध और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में थी। यह भाजपा है, कांग्रेस नहीं, जो विभाजन की राजनीति में विश्वास करती है और करती है। बता दें कि पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और फिर राजस्थान के अजमेर में अपनी रैलियों के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र पर हमला बोला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। वहीं, इसका एक हिस्सा वामपंथियों के प्रभुत्व वाला है।

## आतंकवाद मामले पर दहाड़े रक्षामंत्री

» पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे...

» आतंकी जहां भी चले जाएं बचेंगे नहीं...

» विदेशी मीडिया के दावे पर राजनाथ सिंह का दो टूक जवाब...

नई दिल्ली,06अप्रैल 2024 (ए)। अगर आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर वे पाकिस्तान भाग गए तो भारत उन्हें पड़ोसी देश में घुसकर मार गिराएगा। ये बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी सरकार के स्पष्ट एजेंडे को दिखाते हुए कही है।

#### ब्रिटिश अखबार को दो टूक

रक्षा मंत्री ब्रिटिश अखबार की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के एक अभियान के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं।

#### पाक में घुसकर आतंकियों का करेंगे सफाया

राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पड़ोसी देश के आतंकवादी भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेंगे या भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि



अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं, तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे।

#### भारत मूकदर्शक नहीं रहेगा

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के पास सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की ताकत है और पाकिस्तान को इसका एहसास होने लगा है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणियों का समर्थन किया कि भारत मूकदर्शक नहीं रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शारीरिक संबंधों के लिए सहमति शादी के झूठे वादे के सबूत के बिना गलत नहीं- दिल्ली हाई कोर्ट



नई दिल्ली,06अप्रैल 2024 (ए)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब कोई महिला शारीरिक संबंध बनाने का सोच-विचारकर निर्णय लेती है, तो जब तक कि शादी के झूठे वादे का स्पष्ट सबूत न हो, सहमति को धोखे से हासिल किया गया नहीं माना जा सकता।न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार के मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, क्योंकि मामला उन पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया था। दोनों ने अब शादी कर ली है।

अदालत ने कहा कि जब एक महिला परिणामों को पूरी तरह से समझते हुए जानबूझकर शारीरिक संबंध बनाने का विकल्प चुनती है, तो उसकी सहमति को तब तक धोखे से हासिल किया गया नहीं माना जा सकता, जब तक कि उसे पूरा करने की मंशा के बिना शादी के झूठे वादे का सबूत न हो।

## राज्यसभा चुनाव के नतीजे के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे अभिषेक

### पर्ची में निकला नाम, फिर भी कैसे हार गया...?

शिमला,06अप्रैल 2024(ए)। कांग्रेस नेता व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने हिमाचल उच्च न्यायालय में राज्य सभा चुनाव प्रक्रिया को चुनौती दी है। शिमला में उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 'ड्रा ऑफ लॉट्स' के जिस नियम के तहत वे चुनाव हारे हैं, वह गलत है, उसी को उन्होंने चुनौती दी है।

अभिषेक मनु सिंघवी की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया है कि पर्ची में जिसका नाम निकले, वह चुनाव हार जाए। ऐसा कोई नियम नहीं है। यह सिर्फ परंपरा के तौर पर प्रचलन में आ गया। उन्होंने चुनाव में ड्रा ऑफ लॉट्स की इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए चुनाव रद्द करने की मांग उठाई है. सिंघवी ने कहा कि टाई होने के बाद पर्ची से किसी एक के पक्ष में परिणाम घोषित करना गलत है। उन्होंने कहा कि टाई की व्याख्या या धारण ही अवैध है, अतः इसके आधार पर जो परिणाम घोषित होगा, वह भी अवैध होगा। उन्होंने कहा कि कानून में ऐसा कोई नियम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस



तरह की याचिका दायर करने के लिए याचक को खुद न्यायालय में आना पड़ता है, इसलिए वह याचिका दायर करने के लिए आए हैं।

#### दोनों प्रत्याशियों को मिले थे बराबर वोट

हिमाचल प्रदेश में हुए राज्यसभा चुनाव के लिए कुल 68 में से कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को 34 और बीजेपी के हर्ष महाजन को भी 34 वोट पड़े थे. दोनों पक्षों में 34-34 वोट पड़ने के बाद नियमों के मुताबिक ड्रा ऑफ़ लॉट्स अपनाया गया। पर्ची में जिसका नाम निकला वह चुनाव हार गया। पर्ची में अभिषेक मनु सिंघवी का नाम निकला था और ऐसे में चुनाव में हर्ष महाजन की जीत हो गई थी।

#### कांग्रेस के 6 विधायकों ने की थी क्रॉस वोटिंग

हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के दौरान छह कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। जिस वजह से बीजेपी और कांग्रेस दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट मिले, जिसके बाद ड्रा ऑफ लॉट्स के तहत टॉस हुआ और बीजेपी प्रत्याशी हर्ष महाजन ने बाजी मार ली। वहीं क्रॉस वोटिंग करने वाले कांग्रेस विधायकों पर पार्टी की तरफ से कार्रवाई करते हुए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। हिमाचल में राजनीति में इस दौरान काफी उथल-पुथल मच गई थी। जिसके बाद बागी विधायकों ने बीजेपी का दामन थाम लिया था।

## भारत ने चुनावों से पहले एआई-जनित कंटेंट,डीपफेक पर कड़ा रुख अपनाया



नई दिल्ली,06अप्रैल 2024 (ए)। भारत में 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के आम चुनावों के बीच चीन द्वारा अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई-जनित कंटेंट बनाने और उसका प्रसार करने की योजना के बारे में माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी के बाद केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। उसने पूरी सख्ती के साथ वैश्विक डिजिटल कंपनियों को एआई और चुनावों के दौरान इसके संभावित दुरुपयोग के बारे में एक नई एडवाइजरी के अनुरूप अपने प्लेटफार्मों में सुधार करने के लिए कहा है।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत

### कोर्ट ने 18 अप्रैल तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली,06अप्रैल 2024(ए)। दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आज भी राहत नहीं मिली। दिल्ली की राउज़ ऐवन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है। राउज़ ऐवन्यू कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई अब 18 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने श्रेष्ठ से यह बताने के लिए कहा अब तक एक एक आरोपी



द्वारा दस्तावेज़ों की जांच के लिए कितना समय लिया गया।

मनीष सिसोदिया 26 फरवरी 2023 से जेल में बंद हैं। इस मामले को लेकर सीबीआई और ईडी का ये दावा है कि सिसोदिया ने शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए आबकारी नीति में बदलाव किया था। इससे आप नेताओं को बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर मिली। इससे पहले सिसोदिया की जमानत याचिका पर 2 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी। इस दौरान उन्होंने अदालत से कहा था कि उनको जेल में रखने से कोई फायदा नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी हो चुकी है।

## पीएम मोदी पर गरजी सोनिया गांधी

### राजनीतिक दलों में मतदाताओ को रिझाने के लिए मची होड़

जयपुर,06अप्रैल 2024(ए)। लोकसभा चुनाव अपने पहले चरण की ओर बढ़ने के साथ राजनीतिक दलों में मतदाताओं को रिझाने के लिए होड़ मची हुई है। अपने पार्टी के पक्ष में मजबूती से बात रखने के साथ सत्ता पक्ष को घेरने में कोई कोताही नहीं बरत रहे है। जयपुर में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि वह खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।इसके साथ ही सोनिया गांधी ने कहा, ''आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है।'' सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''देश के ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है उसे देश की जनता सबक सिखा देती है। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं। मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।''



## अब सीपीआईएम का भी बैंक अकाउंट किया गया फ्रीज

नई दिल्ली,06अप्रैल 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव के बीच सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने दावा किया है कि उनकी पार्टी का बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया है। इससे पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसका बैंक खाता फ्रीज कर दिया था। इसके बाद, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ङ्क मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने सरकार के कार्यों की आलोचना करने के लिए एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अब, सीपीआई (एम) ने भी अपने बैंक खाते फ्रीज करने की



सूचना दी है। सीताराम येचुरी ने कहा, आज, त्रिशूर में हमारे जिला सचिव को एक नोटिस मिला जिसमें उन्हें पासबुक के साथ बैंक जाने का निर्देश दिया गया। कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। अपने अधिकार का उपयोग करते हुए, उन्होंने प्रबंधक को एक आदेश जारी किया। बैंक ऑफ इंडिया ने हमें सूचित किया कि नहीं जब तक हम अनुमति नहीं देते तब तक सीपीआई (एम) खाते में लेनदेन की अनुमति दी जाएगी। यह इंगित करता है कि यह एक राजनीति से प्रेरित हमला है। हम कानूनी कार्रवाई करने की संभावना तलाश रहे हैं।

आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि फ्रीज किए गए खातों के कारण पार्टी के प्रचार प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है। राहुल ने जोर देकर कहा, ÷हमारे पास प्रचार के लिए आवश्यक धन की कमी है, और हम अपने उम्मीदवारों को आर्थिक रूप से समर्थन नहीं कर सकते। चुनाव में भाग लेने की हमारी क्षमता से समझौता किया जा रहा है।÷ पिछले महीने आयकर विभाग ने कांग्रेस को 1,745 करोड़ रुपये का एक और नोटिस जारी किया था। नतीजतन, आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस को जारी किए गए कुल नोटिस अब 3,567 करोड़ रुपये हो गए हैं।

## कांग्रेस ने देश को कभी न्याय नहीं दिया

हुबली(कर्नाटक),06अप्रैल 2024 (ए)। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस के न्याय घोषणा-पत्र पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि कांग्रेस ने कभी भी देश को न्याय नहीं दिया। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा,राहुल गांधी ने न्याय पत्र की घोषणा की है। वे यह अच्छी तरह से जानते हैं कि वो सत्ता में नहीं आएंगे, लेकिन पार्टी मनमर्जी से घोषणाएं करने में लगी हुई है।



जोशी ने सवाल किया कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ और रोटी, कपड़ा और मकान जैसे नारे गढ़े थे। क्या वे सफल हुए? 2004 में कांग्रेस ने एक और नारा दिया कांग्रेस का हाथ गरीब लोगों के साथ। लेकिन आखिरकार उन्होंने क्या किया?

जोशी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान उन्होंने 12 लाख करोड़ का भ्रष्टाचार किया। उन्होंने गरीबों को कुछ नहीं दिया। उन्होंने देश के साथ न्याय भी नहीं किया। न्याय नारे की उनकी घोषणा हास्यास्पद है।

यदि वे न्याय नारे या यात्राएं निकालेंगे तो भी लोग उन पर विश्वास नहीं करेंगे। बता दें कि जोशी कर्नाटक की धारवाड़ लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं।

## सीएम की ड्यूटी में तैनाती के लिए जा रहे पुलिस मुलाजिमों की बस पलटी



### तीन जवानों की मौत,21 घायल

सिवनी,06अप्रैल 2024(ए)। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र के लोपा गांव के पास 35वीं बटालियन के एसएफ जवानों को ले जा रही बस एक कार से टकराने के बाद पलट गई, जिसमें 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 21 घायल हो गए। बस मंडला जिले में सीएम ड्यूटी के लिए पुलिस जवानों को लेकर जा रही थी।

मिली जानकारी के मुताबिक 35 वीं बटालियन के एसएफ जवानों को लेकर बस जा रही थी। इस दौरान एक कार से टकराने के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और बस पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों का अन्य दल मौके पर पहुंचा। इस बीच स्थानीय लोगों ने भी बस पलटने के बाद जवानों को बाहर निकालने में मदद शुरू कर दिये। इस हादसे में 21 जवानों के घायल होने के बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## बच्चों के सौदागरों पर कसा शिकंजा

### 7 गिरफ्तार,इतने लाख में बिकते थे नवजात बच्चे

नई दिल्ली,06अप्रैल 2024(ए)। दिल्ली के केशव पुरम इलाके में उस वक्त सनसनी मच गई जब सीबीआई और पुलिस की टीम एक घर में छापा मारने पहुंची। दो दिनों तक चली रेड के बाद सीबीआई ने मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 7 से 8 नवजात बच्चों को रेस्क्यू किया। हैरानी की बात ये है कि इसमें एक नवजात की उम्र महज 36 घंटे है जबकि दूसरे की उम्र 15 दिन है। रेड के दौरान केशव पुरम थाने की पुलिस भी मौके पर रही मौजूद थी। अस्पतालों से बच्चा चोरी के इस गैंग का पर्दाफाश करते हुए सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर से अब तक 7 आरोपियों को भी दबोचा है। सूत्रों के मुताबिक नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के केशवपुरम के मकान से सीबीआई ने दो नवजात बच्चे रेस्क्यू किए हैं।



अब सीबीआई बरामद बच्चों का डिटेल्स खंगाल रही है। इन बच्चों का कहां से और कैसे अपहरण हुआ इसको लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों को शुरुआती जांच में मामला नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का लग रहा है। फिलहाल सीबीआई की टीम इस मामले में बच्चों को बेचने वाली महिला और खरीदने वाले व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत करीब सात लोगों को हिरासत में लिया है। यह छापेमारी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली और रोहिणी के इलाके में की गई थी और कार्रवाई शुरू हुई थी जो शनिवार को भी जारी है। बताया जा रहा है कि इस गिरोह के लोग अस्पतालों से बच्चों की चोरी करते थे. इस मामले में एक वॉर्ड बॉय को भी गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई को बच्चों की खरीद फरोख्त की जानकारी मिली थी जिसके बाद छापेमारी की ये कार्रवाई शुरू की गई थी। सीबीआई ने जिन बच्चों को रेस्क्यू किया है उनकी उम्र 10 साल से कम है। इस मामले में 3-4 लोगों को अभी गिरफ्तार किया गया है।

## एनआईए की टीम पर हमला

### टीएमसी नेता को गिरफ्तार करने पहुंचे थे अफसर




कोलकाता,06अप्रैल 2024(ए)। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में शनिवार सुबह 2022 विस्फोट मामले में टीएमसी नेता मनबेंद्र जाना को गिरफ्तार करने पहुंची राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। भीड़ ने एनआईए के वाहनों पर पथराव किया और तोड़फोड़ की। इस हमले में 2 अफसरों के घायल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार , 2022 में हुए एक विस्फोट मामले की एनआईए कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर जांच कर रही है। पिछले महीने एनआईए ने पूछताछ के लिए 8 टीएमसी नेताओं को बुलाया था। सभी को 28 मार्च को न्यू टाउन स्थित एनआईए कार्यालय में तलब किया गया था। एनआईए टीम उसी सिलसिले में टीएमसी लीडर मनबेंद्र जाना और एक अन्य को गिरफ्तार करने भूपतिनगर पहुंची थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि एनआईए के अधिकार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पहुंचे थे। पुलिस सुरक्षा भी नहीं ली थी। अगर लिखित शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

### चोरी फिर भी सीनाजोरी

चुनाव के दिनों में लोकतांत्रिक हथियार के रूप में आरोप प्रत्यारोप का खेल खूब देखा जाता रहा है, मगर फाइनेंसियल टूल को चुनाव लडऩे का हथियार बना लेना यह 2024 के लोकसभा चुनाव को सबसे अलग बना रहा है।इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का विपक्षी दलों को नोटिस भेजना भले एक रूटीन काम हो सकता है, मगर इसकी टाइमिंग विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर हमला करने का मौका जरूर दे रही है।वैसे देखा जाए तो पहले भी सत्तासीन पार्टियों द्वारा ऐसी संस्थाओं के उपयोग की कहानी न्यायालयों द्वारा भी दुरुपयोग के विशेषण से नवाज़ी गई है परन्तु अबकी यह मामला प्रभाव क्षेत्र के हिसाब से बहुत आगे निकल गया है। इन्कम टैक्स का नोटिस सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के लिए अस्तित्व का संकट लेकर आया है। शनिवार को ज़ारी किये गए डिमांड नोटिस के बाद कांग्रेस पर आयकर विभाग का कुल लगभग 3,567 करोड़ रूपये बकाया बैठता है। ताजा डिमांड नोटिस 1745 करोड़ रूपये का है जो वित्त वर्ष 2014-2015, 2015-2016 और 2016-2017 का है। हालांकि इसकी आशंका कांग्रेस शुक्रवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाहिर कर चुकी थी कि उसे अभी और परेशान किया जाएगा। इसके पहले जो कांग्रेस को नोटिस मिला था वह 1823 करोड़ रूपये का था। यह बकाया पांच अलग-अलग वित्तीय वर्षों के लिए था और इसमें मूल और ब्याज दोनों राशियां शामिल है। दिलचस्प बात यह भी है कि इस नोटिस में वित्तीय वर्ष 1994-1995 में कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स की हेरा फेरी का वित्तीय दंड भी शामिल है।आयकर विभाग के ये नोटिस कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह बनकर इसलिए खड़े हो गए हैं क्योंकि पार्टी ने 2023-2024 के आयकर रिटर्न में पार्टी की कुल संपत्ति ही 1430 करोड़ रूपये बतायी थी। इसमें 657 करोड़ रूपये का फंड, 340 करोड़ की चल अचल संपत्ति और लगभग 388 करोड़ का लिक्विड कैश बताया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि पार्टी अपनी कुल संपत्ति बेचकर भी आयकर विभाग का फाइन नहीं भर सकती। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस पार्टी दिवालिया घोषित हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो यह भारतीय राजनीति की एक ऐसा घटना होगी जो अगर सकारात्मक प्रभाव को लेकर आगे बढ़ी तो कभी भी कोई पोलिटिकल पार्टी इन्कम टैक्स के नियमों को सुविधानुसार उपयोग में लाने की भूल से बचेगी। लेकिन अगर इसी को नकारात्मक रूप से इस्तेमाल किया जाने लगा तो बदले की भावना से ग्रसित होकर स्वयं सत्ता में आने पर पूर्वकालिक सत्तारूढ़ पार्टियों के ऊपर भी ऐसी ही कार्यवाही करेगी। राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की धमकी दे चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस और समस्त इंडिया गठबंधन आयकर विभाग के नोटिस को जिस तरह से गलत बता रहा है वो नोटिस सही हैं या गलत शनिवार को जारी 1745 करोड़ रूपये के नोटिस के अलावा दूसरा मामला 1700 करोड़ के नोटिस का है। मामला 2017 से 2021 के बीच कांग्रेस को कैश के रूप में मिले चंदे और अन्य कैश अनियमितताओं से जुड़ा है। इसमें लगभग 526 करोड़ रूपये शामिल हैं, जिसका स्पष्ट हिसाब-किताब कांग्रेस के पास नहीं है।

# इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन जायेगी तो फिर से बूथ कैप्चरिंग आ जायेगी

भारत गणराज्य 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 18वें आमचुनाव की तैयारी कर रहा है जो विश्व का सबसे बड़ा चुनाव होगा, जब 96.88 करोड़ मतदाता अपने जनप्रतिनिधि का चयन करेंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने व्यापक इंतजाम किये हैं। लेकिन इस बीच एक बार फिर ईवीएम पर सवाल उठाकर एक समूह ने पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर ही सवालिया निशान लगाने की कोशिश की है।इस सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक्टिविस्ट अरुण कुमार की याचिका की सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग और सरकार से वीवीपैट की सभी पर्चियों का मिलान ईवीएम में पड़े सभी वोटों से कराने की वास्तुस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा है। अभी की व्यवस्था में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के रैंडम पांच ईवीएम का ही वीवीपैट से मिलान होता है। याचिका के अनुसार इस कारण मतदाता के मन में प्रणाली को लेकर संदेह उत्पन्न होता है। साथ ही याचिका में कहा गया है कि मतदाता को वीवीपैट की पर्ची को खुद बैलेट बॉक्स में डालने की सुविधा मिलनी चाहिए। इससे चुनाव में गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी और मतदाता यह देख लेगा कि उसका मत सही व्यक्ति को पड़ा है और यह गणना के लिए भी जाएगा। आगे यह बात भी उठाई गई है कि चुनाव आयोग 24 लाख वीवीपैट के लिए 5 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है मगर सिर्फ 20,000 वीवीपैट का उपयोग समझ के परे है।न्यायालय ने सरकार और चुनाव आयोग को जवाब तलब तो किया है मगर क्या वाकई वीवीपैट की पर्ची से ईवीएम में पड़े वोट का रैंडम मिलान चुनाव प्रणाली के निष्पक्ष होने की गारन्टी नहीं दे पाता या ईवीएम हैक और वीवीपैट पर्ची से मिलान जैसे मुद्दे जानबूझकर उठाये जा रहे हैं ताकि जनता के मन में संदेह पैदा हो अभी पिछले साल सितंबर में भी एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में आई थी जिसमें ईवीएम से चुनावी धांधली और गड़बड़ी की बात कही गई थी। मगर याचिका पर न्यायालय ने फटकार ही लगाई थी कि हर कुछ दिनों में ईवीएम की गड़बड़ी का शिगूफा छोडऩा और भ्रम उत्पन्न करना गलत है। हालांकि चुनाव आयोग ने तब भी न्यायालय को बताया था कि ईवीएम बिना किसी कंप्यूटर या इंटरनेट नेटवर्क के स्वतंत्र रूप से काम करने वाली वन टाइम प्रोगामेबल चिप वाली मशीन है, जिससे हैकिंग या छेड़छाड़ असंभव है। आयोग ने बताया था कि अब तक सिर्फ 25 शिकायतें मिली हैं वो भी जांच के बाद झूठी पाई गई हैं। ईवीएम और वीवीपैट पर प्रश्न उठाने से पहले इसे समझना जरूरी है। वीवीपैट यानी वोटर वेरिफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल एक मशीन होती है जो वोटिंग के समय बताती है कि वोटर ने किसे वोट दिया है। इसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम से कनेक्ट किया जाता है। ईवीएम में मतदाता जिस भी पार्टी का बटन दबाता है, उसी पार्टी के चिह्न की पर्ची वोटर को वीवीपैट मशीन में दिखती है। वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची सिर्फ वोटर को ही दिखती है। अब यह प्रणाली अभी रैंडम है तो भी क्या अब तक सभी 20,000 वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम के वोटों से मिल जाना स्वयं में इसके निष्पक्षता का सबूत नहीं है रैंडम चुनाव तो फिर भी गड़बडिय़ों की आशंका को कम करता है।



सिलसिलेवार जब यही प्रक्रिया अपनाई जाने लगेगी और पर्चियों से ही वोटिंग की गिनती होने लगेगी तो इस बात की क्या गारंटी है कि तब विपक्ष यह आरोप नहीं लगाएगा कि पर्चियों को ही बदल दिया गया या फिर ईवीएम को ही रीसेट कर वोट को ही बदल दिया गयासंदेह लाइलाज होता है। असंतुष्ट को कल्पवृक्ष भी संतुष्ट नहीं कर सकता। फिर भी ईवीएम के मामले में एक और बात समझने की जरूरत है। हाल ही जर्मनी की कोर्ट ने जर्मनी में ईवीएम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इसकी असलियत और कारण क्या है इसे समझने की जरूरत है। सबसे पहले यह बात समझना होगा कि यहां भी न्यायालय में दो याचिकाएं थी जिसमें एक ईवीएम के उपयोग को असंवैधानिक घोषित करने की थी और दूसरी ईवीएम के हैक होने की संभावना की वजह से इसको बैन करने की थी। जर्मन न्यायालय ने हैक करने वाली याचिका को खारिज किया और बेमानी बताया। वहां की अदालत ने इसके उपयोग को पूर्ण रूप से वर्जित नहीं किया है। हां न्यायालय ने जर्मन संविधान के अनुसार इसे कुछ आधार पर असंवैधानिक जरूर ठहराया है। न्यायालय ने कहा कंप्यूटर में पड़े मत को जनता नहीं देख पाती जो जर्मनी संविधान के कुछ अनुच्छेदों का उल्लंघन है। जापान ने इस प्रक्रिया को महंगा बता कर बंद किया जो बहुत बड़ा कारण भारत में भी वीवीपैट की अनुपलब्धता का है। जर्मनी और जापान दोनों देशों ने पारदर्शिता में अभाव को माना जिसका अर्थ वीवीपैट जैसे मशीनों से रैंडम क्रॉस वेरिफाई ना कर पाना है। नीदरलैंड के मामले में पारदर्शिता के अलावा मशीनों के भंडारण, परिवहन एवं सुरक्षा को लेकर नियमों का अभाव था। अमेरिका में ईवीएम का उपयोग लगभग न के बराबर है और वो मतपत्रों से मतदान को अपने रिच्युअल से जोड़ कर देखते हैं और परंपरा ऐसे ही रखना चाहते हैं। भारत में भी चुनाव आयोग ने इस बात को स्पष्ट किया है कि इन देशों में वीवीपैट जैसी किसी मशीन का उपयोग नहीं होता और बैन किए गए देशों में ईवीएम एक कम्प्यूटर और नेटवर्क से जुड़ा होता है जिसे हैक करना संभव है। हमें नहीं भूलना चाहिए भारत में मतपेटियों को लूटने का इतिहास रहा है। इसे ही रोकने के लिए ईवीएम को सुरक्षित विकल्प के तौर पर अपनाया गया था ताकि वोटों की लूट रोकी जा सके। आज भी बंगाल के पंचायती चुनाव में मतपेटियों की लूट के किस्से सरेआम हैं। ऐसे में क्या गारंटी है कि अगर ईवीएम को हटा दिया जाएगा तो पुनः बूथ कैप्चरिंग नहीं शुरु हो जाएगी देश की जनसंख्या इतनी है कि मतपत्र द्वारा वोट देना और उसकी गिनती करना एक थकाऊ और खर्चीली प्रक्रिया होगी। जो लोग जर्मनी, जापान और अमेरिका का उदाहरण दे रहे हैं वो लोग पड़ोस के पाकिस्तान को क्यों नहीं देख रहे हैं जहां सरेआम आज भी बैलट बॉक्स लूटकर मनमाना नतीजा निकाला गया है भारत की परिस्थितियां अमेरिका जैसी नहीं बल्कि पाकिस्तान जैसी ही हैं। यह ईवीएम ही है जिसने बदनाम बूथ कैप्चरिंग और वोटों की लूट पर रोक लगाई है। जो लोग बार बार इस पर सवाल उठा रहे हैं क्या वो फिर से बूथ कैप्चरिंग का रास्ता खोलना चाहते हैं।

-स्वाति-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## पानी बर हाहाकार



घाम घरि अउ गरमी दिन म
पानी बर हाहाकार मचे हे
कुंआ बावली तरिया नदिया
सबो सुखाय परे हे
गाय गरुंवा छेल्ला ढ़लिाय
पानी पिए बर तरसत हे
बिन पानी के टोटा सुखावत

घाम हर बरसत हे
पानी हमर जिनगी के आधार
दू बुंद पानी के आस लगाय
गरमी म घाम तिपय
तर तर तर पसीना बोहाय
सबो डहर हाहाकार मचे हे
पानी बिन कईसे जीबो

पानी हमर जिनगी के आधार
गरमी दिन म काला पीबो
जींव जन्तु सबो पानी बर
दर दर के भटकत हे
दू बुंद पानी पीए बर
आदमी मन तरसत हे!



सोनु नेताम माया
रुद्री नवागांव धमतरी

## दिलजला

कहते है सब, दिल मनचला होता है,
पर किसी ना किसी से छला होता है
अग्नि की तपिश हंसकर सह लेते हैं,
प्रेमाग्नि सहने वाला दिलजला होता है
कहते है सब, दिल मनचला होता है,
इंसान को कमजोर करे वो बला होता है
फ़िक्र कहाँ ? फिर
उसे दुनियां की यारों,
जहाँ पर इश्क का
बड़ा मसला होता है
कहते है सब, दिल मनचला होता है,
इश्क पे मर मिटने
वाला मामला होता है /
अधूरी हो दास्ताने
मोहब्बत किसी की,
फिर गली,चौराहों में
जलजला होता है
कहते है सब, दिल मनचला होता है,
दिल लगाने का भी
सिलसिला होता है
बेवफाई का दर्द
जीने मरने नहीं देता,
बगावत करने वाला
दिलजला होता है
कहते है सब, दिल
मनचला होता है,
अपना कहके
ठुकराना भी कला होता है /
और जान हथेली पर
,रख चलने वाला,
इश्क का मारा, एक
दिलजला होता है



नितेश कुमार दिवाकर
बैकुंठपुर
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मेहनत करना जरूरी है...

कामयाबी पाने करने के लिए,
काबिल बनना जरूरी है।
काबिल बनने के लिए,
मेहनत करना जरूरी है।।
जीवन में कुछ बनने के लिए,
सपना देखना जरूरी है।
सपना पूरा करने के लिए,
मेहनत करना जरूरी है।।
सफल इंसान बनने के लिए,
लक्ष्य बनाना जरूरी है।
लक्ष्य को पाने के लिए,
मेहनत करना जरूरी है।।
मंजिल तक पहुंचने के लिए,
कठिन राह में चलना जरूरी है।
जीवन मे आगे बढ़ने के लिए,
मेहनत करना जरूरी है।।
कुछ हासिल करने के लिए,
मन मे दृढ़ संकल्प जरूरी है।
सफलता पाने के लिए,
मेहनत करना जरूरी है।।



श्याम सुंदर साहू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# शुरू होनी चाहिए पर्यावरणीय मुद्दों को मुख्यधारा में लाने की चुनावी प्रथाएं

राजनीतिक दलों को जलवायु परिवर्तन पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए स्पष्ट रूप से कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। राजनीतिक दलों को उन कदमों के बारे में बताना चाहिए जो वे भारत पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए उठाएंगे। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में अपना उचित स्थान पाना चाहता है, और अमृत काल में एक सच्ची विश्व शक्ति के रूप में गिना जाना चाहता है, तो जलवायु परिवर्तन कार्यों पर इसके नेतृत्व की मांगों पर नजर रखी जाएगी। मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पारंपरिक चुनाव तरीकों के पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देने, नवीन पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करने में हो सकती है। पर्यावरण के प्रति जागरूक चुनावी प्रथाओं को अपनाने से भारत को दुनिया भर के अन्य लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने में मदद मिल सकती है।

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट ने चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 को आधिकारिक तौर पर ग्रह के इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में पहचाना गया है। राजनीतिक अभियानों में जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके, राजनीतिक नेता मतदाताओं के बीच मुद्दे की गंभीरता और निर्णायक कार्रवाई की अनिवार्यता के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते हैं। यह सार्वजनिक चर्चा को जलवायु कार्रवाई को प्राथमिकता देने की दिशा में स्थानांतरित करने और नीति निर्माताओं और जनता के बीच तात्कालिकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। जलवायु परिवर्तन को राजनीतिक अभियानों में एकीकृत करना राजनीतिक दलों को सतत विकास और वैश्विक नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

डब्ल्यू.एम.ओ. रिपोर्ट सामूहिक सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करने को अनिवार्य बनाती है- कुछ-कुछ वैसा ही जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ था।

इस चुनावी मौसम में, डब्लूएमओ रिपोर्ट का परिणाम न केवल पूरी मानवता के लिए, बल्कि विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों के लिए जागृत होना चाहिए। डब्ल्यूएमओ, संयुक्त राष्ट्र और वैज्ञानिक बिरादरी द्वारा व्यक्त की गई जलवायु परिवर्तन पर चिंता को राजनीतिक दलों को अपनी कार्य योजनाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पूर्व-औद्योगिक स्तर से औसत तापमान वृद्धि 0.12 डिग्री सेल्सियस की अनिश्चितता के मार्जिन के साथ 45 डिग्री सेल्सियस रही है। तापमान वृद्धि विभिन्न देशों द्वारा तय की गई 5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को तोड़ने के करीब है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 स्पष्ट अंतर से सबसे गर्म वर्ष था और जहां कई रिकॉर्ड टूट गए। समुद्र के तापमान में वृद्धि, ग्लेशियर पीछे हटने, अंटार्कटिक बर्फ के आवरण में कमी, ग्रह के चारों ओर समुद्र के स्तर में वृद्धि के रिकॉर्ड।

2023 में दुनिया के महासागरों की गर्मी सामग्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जो अब तक दर्ज की गई महासागरीय गर्मी सामग्री का उच्चतम स्तर है। महासागरीय धाराओं की एक प्रणाली, अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) का धीमा होना। वैश्विक औसत समुद्र-सतह तापमान (एसएसटी) 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर था, कई महीनों में पिछले रिकॉर्ड महत्वपूर्ण अंतर से टूट गए। वैश्विक महासागर में औसत दैनिक समुद्री हीटवेव कवरेज 32 प्रतिशत का अनुभव हुआ, जो 2016 में 23त्न के पिछले रिकॉर्ड से काफी ऊपर है। गर्मी की लहरें, मूसलाधार बारिश और उष्णकटिबंधीय चक्रवात जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ गई है। 2023 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि हुई, नवीकरणीय क्षमता में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 18 वीं सदी के मध्य से औद्योगिक प्रगति के प्रमुख चालक सभी क्षेत्रों में मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार रहे हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद की अवधि में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन काफी बढ़ गया है। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से प्रेरित प्रगति का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता का जलवायु पर भारी प्रभाव पड़ा है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग से ग्रीनहाउस गैसों का बड़े पैमाने पर उत्सर्जन हुआ है, जिससे सीधे वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए क्योंकि देश पेरिस समझौते में उल्लिखित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। राजनीतिक दल अपने मंचों पर विशिष्ट नीतियों और कार्यों की रूपरेखा तैयार करके जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों को संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत में चुनावी मौसम जलवायु परिवर्तन पर चर्चा को बढ़ाने और राजनीतिक दलों को पर्यावरणीय मुद्दों पर उनके रुख के लिए जवाबदेह बनाने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। मतदाताओं का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के बारे में उनकी चिंताएँ बढ़ने पर राजनीतिक नेता अपने नीतिगत एजेंडे में स्थायी समाधानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। राजनीतिक अभियान महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं पर लोगों के साथ बातचीत कर सकते हैं और जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके उन्हें हल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकते हैं।

जैसा कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी सही जगह का दावा करना चाहता है और अमृत काल में एक दुर्जेय विश्व शक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में इसके नेतृत्व की प्रभावशीलता पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। राजनीतिक स्पेक्ट्रम के पार, पार्टियां भारत की आर्थिक समृद्धि को आगे बढ़ाने और इसकी आबादी की भलाई में सुधार लाने के उद्देश्य से पहल को प्राथमिकता दे रही हैं। हालाँकि, कार्रवाई योग्य योजनाओं के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की केंद्रीय चुनौती से निपटने के ठोस प्रयास के बिना राष्ट्रीय प्रगति के लिए कोई भी व्यापक एजेंडा अपर्याप्त होगा।



-प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,
हिसार
(हरियाणा)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नजर हटी दुर्घटना घटी

शीर्षक से स्पष्ट हो गया होगा हमारे पाठकों को कि इस बार लेखिका मुस्कान केशरी जी कुछ सतर्क होने की बात बताने वाली है। चलिए शुरुआत करते हैं आज एक सच्ची घटना पर आधारित इस लेख को, एक लड़की जो गाँव से मुजफ्फरपुर पढ़ने के लिए आई थी। मुजफ्फरपुर उस लड़की के लिए नया जगह था और वो किसी को जानती भी नही थी। जैसा की आप सभी जानते हैं अभी का समम सोशल मीडिया का हो गया। बिना सोशल मीडिया के कोई काम सफलतापूर्वक करना थोड़ा मुश्किल हैं। लड़की को अपने कॉलेज में कुछ कागज़ात जमा करना था और कागज़ात इसके पास थे नही, तो इसने अपने गाँव में पापा को कॉल किया और सारा कागज़ात व्हाट्सएप पर मँगवा लिया। फिर वो इस कागज़ात को निकलवाने के लिए साइबर कैफे जाती हैं। कैफे वाला अपना नबंर देता हैं और बोलते हैं इस पर भेज दो जो भी निकलवाना है। लड़की नबंर लिखती हैं लेकिन वो नबंर व्हाट्सएप पर उपलब्ध नहीं बता रहा होता है। तब लड़की बोलती है कैफे वाले को-भाइया ये नबंर आ ही नहीं रहा तो कैसे भेजे। कैफे वाले बोलते हैं - अच्छा छोड़ो अपना फोन दो हमें। लड़की बड़ी ही भूलीभाली थी- उसने अपना फोन उस कैफे वाले को दे दिया। और देने के बाद लड़की साइड में जाकर बैठ गई। 6 बजे के बाद वो लड़की सारे कागज़ात लेकर घर आई और खाना बनाने लगी। फोन को चार्ज में लगा दी, वो भी साइलैंट पर। लड़की खाना बना रही थी। बनाने के बाद खा भी ली और पढ़ाई कर रही थी। यानि उसे कैफे से आया हुआ लगभग चार घंटे हो चूके थे। इन चार घंटों में लड़की के पापा के पास व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि पापा मुझे कुछ लड़को ने पकड़ लिया है। पापा इस नंबर पर पैसे भेज दीजिए और मुझे छोड़वा लिजिए। रिश्तदारों के पास मैसेज आया कि मुझे काँलेज का फार्म डालना है मुझे पैसे भेज दीजिए बहुत जरूरी है। अभी इसी नबंर पर पैसे भेजिए नही तो मेरा नाम काँलेज से हटा दिया जाएगा। लड़की का एक बहुत अच्छा लड़का दोस्त था जिसके पास मैसेज आया कि सुनिए ना मुझे भूख लगा है कुछ खाने के लिए पैसा भेज दीजिए ना। ऐसा ऐसा मैसेज लगभग सभी के पास गया और लगातार सभी के काँल मैसेज आ रहा था लड़की के फोन पर । लड़की पढ़ाई में लगी थी और फोन साइलैंट होने की वजह से पता नही चल रहा था । कुछ लोगो ने पैसे भेज दिए इसलिए और अधिक मैसेज आने लगे। तभी लड़की की बहन ने लड़की के दोस्त को काँल की और बोली-भाईया दीदी को कुछ लड़के पकड़ लिए है। प्लिज आप उसको बचा लो लेकिन लड़के को समझ नही आता है क्योकि अभी तो खाने के लिए पैसा माँग रही थी अचानक कौन पकड़ लिया। लड़का बोलता है-ठीक है बाबू मै देखता हूँ और जैसे ही वो लड़की के रूम के पास आता है तो देखता। रूम का लाइट जल रहा है। क्योकि रात बहुत हो चूँकि थी इसलिए अकेले जाना ठीक नही था इसलिए वो अपनी बहन को लेकर उसके रूम पर जाता है तो देखा लड़की आराम से बैठकर पढ़ रही थी। लड़का बोलता है-तु पैसे क्यो माँग रही थी। लड़की बोलती है-पागल है तु, तुझसे क्यो पैसे माँगगे मेरे पापा है। तभी लड़का उस लड़की के घर पर काँल करते हैं - जहाँ उसकी माँ, बाप, बहन सभी रो रहे थे। लड़की भी रोने लगी और बोलती है क्या हुआ। आप लोग रो क्यो रहे हैं मै ठीक हुँ। क्या हुआ? कोई बताएगा मुझे। उसकी पापा कहते हैं-बेटा तुने ही मैसेज किया था कि कुछ लड़के पकड़ लिए तुझे और तुझे पैसे चाहिए। लड़की बोलती है-नही तो। लड़का बोलता है - कहाँ है तुम्हारा फोन। लड़की लाती है और देखती है लगभग सौ से ज्यादा काँल और मैसेज आए हुए थे। आखिर क्या हो रहा है। सभी गलत मैसेज है, मैने किसी को मैसेज नही किया। सबसे पहले वो सभी को काँल करके बोलती हैं। मेरा व्हाट्सएप हैक हो चूका है। प्लिज कोई पैसा मत भेजे। फिर वो दोनो पूरे मैसेज डिलिट करते हैं तो देखते हैं अभी भी कोई नया मैसेज किया जा रहा है। आखिर क्यों हो रहा है। लड़का, लड़की से सारी बाते पूछता है। क्या कोई तुम्हारा फोन लिया था, किसने तुम से काँल करने के लिए माँगा था, याद करो कही पर भी तुमने फोन दिया था तो लड़की बताती है। हाँ एक जगह दिया था। लड़का बोलता है-कहाँ ? लड़की बोलती है कि कुछ कागज़ात निकालने के लिए मैने अपना व्हाट्सएप खोलकर साइबर कैफे वाले को दिया था। लड़का पूछता है और उसने क्या किया था। वो मै नही देखी थी मुझे साइट में बैठने के लिए कहा था। लड़का बोलता है-उसने बोला और तुम बैठ गई। फिर लड़का पूरा फोन चेक करता है, फोन बिल्कुल ठीक था। तब वो व्हाट्सएप चेक करता है तब उसे पता चला कि साइबर कैफे वाले ने व्हाट्सएप के लिंक्ड डिवाइस के माध्यम से अपने लैपटॉप पर लड़की का व्हाट्सएप खोल रखा है। और उसने अभी तक इस व्हाट्सएप को बंद नही किया है जिसके कारण आज इतने सारे पैसे की माँग की जा रही हैं। उसने उस लिंक्ड डिवाइस को बंद किया।लड़की को चुप कराते हुए, लड़की के परिवार और रिश्तादारों को समझाते हुए। लड़का, लड़की का फोन लेकर अपने घर को जाता है क्योकि रात 11 बज रहा था। अगले दिन लड़का, लड़की के साथ साइबर कैफे वाले के यहाँ गया और सारी बातें बताई। तो पता चला कि साइबर कैफे पर जो इंसान बैठते थे। वो उस दिन नही थे इसलिए उनके कुछ दोस्त कल बैठे थे। इसलिए कैफे वाले ने कोई भी बात मानने से इंकार कर दिया। पुलिस की धमकी देने पर साइबर कैफे वाले ने सभी दोस्तो को बुलाया और लड़की भी पहचान लेती है और जितने भी पैसे उसके पास आया था। वो सारे पैसे वापस लेते हैं और साइबर कंप्लेन पर अपने कंप्लेन भी दर्ज करते हैं। फिर लड़का और लड़की अपने काँलेज के तरफ जाकर फार्म डालते है। देखिए आप सब अगर लड़की उस टाइम खड़ी होकर देखती रहती तो ये सब नही होता ना। इसलिए कहते हैं नजर हटी, दुर्घटना घटी। तो आप सभी सतर्क रहे, सुरक्षित रहे।।



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## जसगीत- शीतला मइँया

तर्ज-बइठे हावय निमुवा के छइँहा।
मोर गाँव के दाई शीतला मइँया।।
पद-1. बीच बस्ती मा सुग्घर,
हावय तोर डेरा।
संग मा महामाया दाई, करे हे बसेरा।।
उड़ान-चँवर डोलावय मोरे लंगुरे
भइया, मोर गाँव के
दाई शीतला मइँया।।
पद-2. सब ला शीतल करे दाई,
महिमा हे भारी।
सेवा तोर करत हावय,
जम्मो नर-नारी।।
उड़ान- गाँव के तैं कुल देवी,
पावन हे भुइँया।
मोर गाँव के दाई शीतला मइँया।।
पद-3. अलहन झन आवय कभू,
दाई मोर गाँव मा।
आशीष देवत बइठे रहिबे, निमुवा
के छाँव मा।।
उड़ान -अर्जी हे दाई मैं
परत हावँव पइँया।
मोर गाँव के दाई शीतला मइँया।।



राजकुमार निषादराज
बिरोदा
धमधा-दुर्ग
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## प्रकृति का धर्म

उस हवा को कुछ पता नहीं
मालूम हो तो भी नहीं बताया जाएगा
मनुष्य में साँस लेने से...
जीवित रहने के आराम देता है
आराम के साथ भी ऐसा ही
और अन्य जीव यह जीवन देता है
तथापि जब तक यह आरामदायक है
हवा तो हवा है तूफान आ गया
बस जब यह बदलता है
सिर्फ बारिश नहीं ये मिट्टी भी
लोग और पेड़इसे अन्यायपूर्वक क्षति
पहुँचाने के बाद
तब...यह शांत हो जाता है
यही प्रकृति का धर्म है...?



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर ...............न्यायालय............... के अधीन होगा।

# धान खरीदी में 21.56 लाख रुपए का गबन:तत्कालीन समिति प्रबंधक,बैंक प्रबंधक व कोचिए को 3-3 साल का कारावास

**- संवाददाता -**
**बैकुंठपुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटना में 21.56 लाख की फर्जी तरीके से धान खरीदी के मामले में तत्कालीन समिति प्रबंधक, सहकारी बैंक प्रबंधक एवं कोचिए को 3-3 साल की सजा सुनाई गई है। सभी पर 3-3 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। प्रकरण की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में हुई। वर्ष 2011-12 में धान खरीदी में हुई अनियमितता की जांच के बाद मामले का खुलासा हुआ था। इसमें तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

सहायक लोक अभियोजक मनोज प्रताप सिंह के अनुसार वर्ष 2011-12 में धान उपार्जन केंद्र पटना में 62053.60 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। अनियमितता की शिकायत पर खाद्य अधिकारी से जांच में कराई गई थी। जिसमें पाया गया कि 60110.96 क्विंटल धान स्टॉक में होना था, लेकिन स्टॉक में निरंक पाया गया।

किसान शिवबालक चंपाझर, हीरालाल, शोभनाथ एवं हीरालाल चेरवा के पट्टे से आरोपी सूर्य प्रताप गुप्ता ने धान बेचा और सहकारी बैंक मैनेजर उमाकांत द्विवेदी ने किसानों को पैसा आहरण भुगतान करने की बजाय आरोपी को दिया था। मामले में 21 लाख 56 हजार 330 रुपए का गबन हुआ था।

जांच में गिरधारी दास समिति प्रबंधक पटना,उमाकांत सहकारी बैंक मैनेजर के खिलाफ अनियमितता पाई गई। खाद्य निरीक्षक राजीव लोचन तिवारी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध



कर विवेचना में लिया गया था। मामले में आरोपी गिरधारी दास को गिरफ्तार कर सीजेएम न्यायालय में पेश किया गया।

वहीं आरोपी सूर्य प्रताप गुप्ता एवं उमाकांत ने जिला सत्र न्यायालय से अग्रिम जमानत कराया था। प्रकरण की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय ने आरोपी गिरधारी दास, सूर्यप्रताप एव उमाकांत द्विवेदी को ती-तीन साल सश्रम करावास की सजा सुनाई है। वहीं 3-3 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### तत्कालीन समिति प्रबंधक के पास जमा थीं ऋण पुस्तिकाएं

किसान शिवबालक ने धान नहीं बेचा था और ऋण पुस्तिका अपने पास रखा था। हीरालाल ने 10-15 क्विंटल बेचा था, जिससे 15 हजार रुपए नकद भुगतान हुआ और ऋण पुस्तिका पटना समिति में जमा कर दिया था।

वहीं शोभनाथ मुरमा निवासी ने 80-85 क्विंटल धान बेचा और ऋण पुस्तिका समिति प्रबंधक के पास जमा कराया था। हीरासाय ने 184 क्विंटल धान बेचा था और चेक से भुगतान हुआ था। मामले समिति प्रबंधक व सहकारी बैंक प्रबंधक की मिलीभगत से 21.56 लाख की गड़बड़ी की गई थी।

**ये हैं आरोपी...**

-उमाकांत द्विवेदी (60), तत्कालीन सहकारी बैंक मैनेजर,निवासी ग्राम बासनपारा सरभोका

- सूर्य प्रताप गुप्ता पिता स्व रामगोपाल गुप्ता (44), निवासी ग्राम बस स्टैंड पटना

- गिरधारी दास पिता स्व घोघरा दास(57),तत्कालीन समिति प्रबंधक पटना, निवासी रामानुजनगर सूरजपुर

## ईंट भट्ठों पर पुलिस व खनिज विभाग की दबिश, 8 संचालकों को नोटिस



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
गांधीनगर पुलिस व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने 8 ईंट भट्ठों पर दबिश दी है। टीम ने 150 टन कोयला भंडारित किए जाने का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं 3 लाख से अधिक ईंटों को खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया है।

पुलिस टीम और खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को थाना गांधीनगर क्षेत्र अंतर्गत संचालित ईंट भट्ठों में दबिश दी गई है। संयुक्त टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए ग्राम सुखरी, सोनपुर, सोनपुरखुर्द, रनपुरकलॉं, बांकीपुर स्थित कुल 8 ईंट भट्ठा में दबिश देकर ईंट पकाने हेतु भण्डारित किए गए कोयले के सम्बन्ध में ईट भट्ठा संचालकों से पूछताछ की गई। अरूण गोयल, प्रह्लाद गोयल, अम्बर सिद्दीकी, अजीम खान, किरण गोयल, दानिश रफिक द्वारा संचालित ईंट भट्ठों में अवैध रूप से भण्डारित कोयले के सम्बन्ध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, ऐसे इंर्ट-भट्ठों द्वारा भण्डारित 150 टन कोयले के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी की गई है। अवैध कोयला भण्डारण के सम्बन्ध में पूछताछ किए जाने एवं आवश्यक लीज संबंधी दस्तावेजों उपलब्ध नहीं कराये जाने से सोनपुर स्थित सीपी शुक्ला संचालित इंर्ट भट्ठे को अवैध ईंट भट्ठा की कार्रवाई करते हुए संचालक के विरूद्ध मिट्टी इंर्ट का अवैध उत्खनन का प्रकरण खनिज विभाग द्वारा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है। साथ ही अवैध रूप से पकाई जा रही कुल 3 लाख से अधिक ईंटों को भी मौके से खनिज विभाग द्वारा जब्त कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। सभी इंर्ट भट्ठों को कोयला भण्डारण के संबंध में आवश्यक दस्तावेज संधारित करने, भट्ठा क्षेत्र में नोटिस बोर्ड लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्देश दिये गए हैं।

## फर्जी ट्रेडिंग ग्रुप ऐप डाउनलोड कराकर 7.35 लाख की ठगी,तीन आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
फर्जी ट्रेडिंग ग्रुप ऐप डाउनलोड करवाकर शहर के एक व्यवसायी से 7.35 लाख रुपए ऑनलाइ ठगी कर ली गई थी। व्यवसायी ने माले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को महाराष्ट्र नागपुर से गिरफ्तार किया है।

मामले का खुलासा करते हुए एएसी अमोलक सिंह ने बताया गुरभेज सिंह छाबड़ा कोतवाली थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा वार्ड का रहने वाला है। वह व्यवसायी है। 15 दिसंबर 2023 को उसके इंस्टाग्राम में एक ट्रेडिंग ग्रुप गोल्डन सच्स एक्कॉलिटी एसेस्ट मैनेजमेण्ट ग्रूप 356 में ज्वाईन किया था। उक्त ग्रूप में जुड़े लोगों ने प्रलोभन देकर फर्जी ट्रेडिंग ऐप के बारे में अवगत कराया और जीएसआईएन ट्रेडिंग फर्जी ऐप को डाउनलोड कराया। ग्रुप के लोगों द्वारा योजनाबद्व तरीके से गुरभेज सिंह को प्रलोभन देकर फर्जी एप्प के कस्टमर सर्विस सेण्टर द्वारा



अलग-अलग बैंक के खाता नम्बर देकर 7.35 लाख रूपय जमा कराया गया। फर्जी ऐप के कस्टमर सर्विस सेण्टर द्वारा गुरभेज सिंह से 7.35 लाख रुपए पहले जमा कराया गया। इसके बाद 10 से 23 जनवरी 2024 तक आरोपियों द्वारा पीड़ित को प्रलोभन के नाम पर 10,049 रूपये आहरित करने दिया गया। लेकिन उसके बाद जब 7 से 17 फरवरी तक पीड़ित द्वारा राशि आहरित करने प्रयास किया गया,तो उस फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म द्वारा स्वीकृति नहीं दी गई। दिनांक 15 फरवरी को संबंधित व्हॉट्सअप ग्रूप से भी आरोपियों द्वारा पीड़ित को हटा दिया गया था। इस प्रकार उक्त घटना क्रम में आरोपियों द्वारा पीड़ित को प्रलोभन देकर अलग-अलग दिनांक को अलग-अलग बैंकों के खाते में कुल 7.35 लाख रूपये की ऑनलाईन ठगी कर ली गई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 420 एवं 66(डी) आईटी एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना कर रही थी। डिशनल एसपी ने बताया कि सायबर सेल टीम द्वारा तकनिकी जानकारी व मोबाइल लोकेशन के के आधार पर पुलिस टीम नागपुर महाराष्ट्र रवाना हुई थी। जहां से पुलिस ने आरोपी स्वप्निल चिचगरे उम्र 25 वर्ष, राहुल सरोज उम्र 25 वर्ष व प्रचीत कुमार येंडे उम्र 33 वर्ष सभी निवासी नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में सायबर सेल से निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, अजय पाण्डेय, आरक्षक दीनदयाल सिंह, शिव राजवाड़े सहित अन्य शमिल रहे।

## सरगुजा पुलिस द्वारा ‘‘ऑपरेशन विश्वास’’ के तहत् प्रकरण के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी कार्यवाही जारी

- » नाबालिक पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार
- » आरोपी द्वारा पीड़िता को बहला-फुसलाकर जबरन करता रहा दुष्कर्म
- » अपहृता के बरामदगी उपरांत आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज
- » आरोपी द्वारा नाबालिक पीड़िता को बहला-फुसलाकर किया गया अपहरण
- » नाबालिक पीड़िता हुई एक बच्चे की मां
- » थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में की गई सख्त कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
सरगुजा पुलिस द्वारा ‘‘ऑपरेशन विश्वास’’ के तहत् प्रकरण के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी कार्यवाही त्वरित और तेजी से की जा रही है। ताकि आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम की जा सके। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक पीड़िता के साथ दुष्कर्म के मामले में सख्त कार्यवाही करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

मामले के संबंध में बताया गया कि दिनांक 23/09/2023 को पीड़िता के पिता द्वारा इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया, कि उसकी नाबालिक लड़की दिनांक 20/09/2023 को रात्रि साढ़े नौ बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई है, आस-पडोस एवं रिश्तेदारों में पता-तलाश किया जिसका किसी प्रकार का पता नहीं चला। शंका के आधार पर नाबालिक लड़की को किसी



अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाना बताया गया। जिसपर से सदर धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में अज्ञात आरोपी एवं अपहृता की पता-तलाश करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा था, किन्तु किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिलने के कारण सफलता हासिल नहीं मिल पा रही थी। लम्बे समय बाद पुलिस के अथक प्रयास के बाद अंततः दिनांक 05/04/2024 को अपहृता को आरोपी प्रियांशु के कब्जे से विधिवत् रूप से बरामद किया गया। बरामदगी उपरांत गवाहों के समक्ष नाबालिक पीड़िता से विस्तृत पूछताछ किया गया, पीड़िता और आरोपी एक-दूसरे से जान-पहचान होने से बातचीत हुआ करता था, पीड़िता को बहला-फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। और पीड़िता को माह सितम्बर 2023 में अम्बिकापुर से बाहर भगाकर ले गया, और वहां जाकर दोनों पति-पत्नी का भांति रहकर दुकानों में काम कर गुजारा करते थे, उस दौरान पीड़िता गर्भवती होने से उसका एक पुत्र हुआ है। बरामदगी उपरांत पीड़िता-गवाहों के कथन, परीक्षण इत्यादि के आधार पर आरोपी प्रियांशु कश्यप के विरूद्व अपराध सबूत पाये जाने से वैधानिक कार्यवाही/गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। मामले के आरोपी के धरपकड़/गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक रंभा साहू,आरक्षक शिवमंगल सिंह, महिला आरक्षक शांति लकड़ा इत्यादि कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पूर्व कांग्रेसी पार्षद समेत 8 जुआरियों पकड़ाए



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
कोतवाली पुलिस ने शहर के सतीपारा में शुक्रवार की रात जुए के फड़ पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने पूर्व कांग्रेसी पार्षद समेत शहर के ही 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 50 हजार रुपए नकद व 8 मोबाइल जब्त किया है।

पुलिस ने सभी के खिलाफ जुए एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सरगुजा पुलिस द्वारा इन दिनों ऑपरेशन विश्वास के तहत नशाखोरी, जुआ, वारंटियों की धरपकड़ सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में 5 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के सतीपारा स्थित बेचन कॉलोनी के पास जुए की महफिल सजी है।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो 8 जुआरी हार-जीत का दाव लगाते मिले। इसके बाद पुलिस ने सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरियों में पूर्व कांग्रेसी पार्षद दीपक सोनी उर्फ बबन भी शामिल है। सभी जुआरियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत् कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में अंबिकापुर निवासी संतोष अग्रवाल 47 वर्ष, गगन अग्रवाल 36 वर्ष, अशोक अग्रवाल 48 वर्ष, अब्दुल रहमान 52 वर्ष, मनोज अग्रवाल 43 वर्ष, विजय अग्रवाल 41 वर्ष, जितेन्द्र सोनकर 38 वर्ष एवं दीपक सोनी 42 वर्ष शामिल हैं। कार्रवाई में कोतवाली एसआई सुनीता भारद्वाज, प्रधान आरक्षक विजय रवि, अमित प्रताप सिंह, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, रमन मंडल व उपेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।

## स्कार्पियो वाहन का कांच तोड़कर 15 हजार की उठाईगिरी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
शहर के दर्रीपारा मोहल्ले में यूनिवर्सिटी के सामने खड़ी स्कार्पियो वाहन से दिनदहाड़े उठाईगिरी की घटना हो गई है। अज्ञात व्यक्ति ने वाहन में रखे बैग से 15 हजार रुपये नकद सहित नर्सिंग और बैंक से संबंधित कागजात पार कर दिए। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के भटगांव सलका निवासी सुभाष चंद्र कुशवाहा अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए स्कार्पियो वाहन सीजी 15 ई 2555 से मिशन अस्पताल अंबिकापुर आया था। अस्पताल में जांच के बाद दोपहर 1 बजे सोनोग्राफी के लिए पत्नी को लेकर सुभाष कुशवाहा दर्रीपारा स्थित एक सोनोग्राफी सेंटर में गया था। स्कॉर्पियो वाहन को यूनिवर्सिटी के सामने खड़ी कर वह पत्नी के साथ सोनोग्राफी कराने चला गया। आधा घन्टा बाद जब वापस लौटा तो देखा वाहन के साइड का पिछला काँच तोड़कर वाहन में बैग में रखा 15 हजार नकद, बैंक व नर्सिंग का कागजात किसी ने पार कर दिया है। काफी खोजबीन के बाद भी उठाईगीरों का पता नही चला। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

## होलीक्रास स्कूल परिसर में उड़ती धूल से बच्चों के स्वास्थ्य पर बढ़ा खतरा...स्कूल प्रबंधन उदासीन

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
अंबिकापुर का होलीक्रास कान्वेंट स्कूल एक वर्ष से पटपरिया स्थित नए भवन में संचालित हो रहा है। सर्वसुविधायुक्त भवन में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन स्कूल परिसर में उड़ती धूल ने विद्यार्थियों को मुश्किल में डाल दिया है। स्कूल प्रबंधन ने चारों ओर सुरक्षित अहाता का निर्माण कराया है लेकिन आंतरिक सडक़ों को व्यवस्थित नहीं किया है। मार्ग पर पतली गिट्टी बिछाकर छोड़ दी गई है। अब स्थिति यह है कि दोपहिया या किसी भी प्रकार की चारपहिया वाहन गुजरे तो समूचा परिसर धूल-धूसरित हो जाता है। स्कूल जाने और छुट्टी के बाद धूल के गुबार से होकर छात्र-छात्राओं को आना-जाना पड़ता है। दोपहिया,चारपहिया से



विद्यार्थियों को पहुंचाने और लाने के लिए स्वजन आते-जाते हैं। दर्जनों बच्चे वैन व आटो से आना जाना करते हैं। वाहनों की आवाजाही के कारण बच्चों को परिसर से निकलने के दौरान जानलेवा धूल का सामना करना पड़ता है। स्कूल प्रबंधन की व्यक्तिगत संपत्ति होने के कारण जिम्मेदारी भी उनकी ही है लेकिन परिसर को धूलमुक्त रखने प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

अभिवावक संघ के धनंजय मिश्रा ने इस संबंध में कहा कि जिला स्तरीय शाला निरीक्षण समिति को स्कूलों का सतत निरीक्षण कर इन कमियों को दूर कराने का प्रयास करना चाहिए, जिससे बच्चे स्वस्थ वातावरण में पढ़ाई कर सकें। उन्होंने कहा कि होली क्रॉस स्कूल शाला विकास के नाम पर भारी भरकम पैसा अभिवावकों से हर वर्ष वसूलती है, अधोसंरचना विकास में नाम काम नही होना अव्यवस्था को दर्शाता है। यदि विद्यालय प्रबंध जल्द ही इस समस्या का निराकरण नही कर सका तो अभिवावक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।होली क्रॉस स्कूल प्रबंधन से बात करके जल्द ही इस समस्या पर ध्यान आकृष्ठ कराते हैं। बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा नही होने दिया जायेगा। मार्ग बनते ही कुछ ही दिन में धूल की समस्या खत्म हो जाएगी।

# माइक्रोसॉफ्ट बोला...भारत में चुनाव प्रभावित कर सकता है चीन

**बीजिंग/वॉशिंगटन,06 अप्रैल 2024।** टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव में रुकावट डालने की कोशिश करेगा। चीन ने ऐसा ही कुछ जनवरी में ताइवान में हुए चुनाव में भी किया था।

माइक्रोसॉफ्ट की थ्रेट इंटेलिजेंस टीम ने कहा कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए वोटरों का पॉलिटिकल पार्टियों की तरफ झुकाव बदलने या उन्हें भटकाने करने की कोशिश करेगा। वह सोशल मीडिया पर ऐसा कंटेंट पोस्ट करेगा, जिससे चुनावों के दौरान जनता की राय चीन के पक्ष में हो सके।

बॉर्डर विवाद के चलते भारत में पड़ोसी देश के तौर पर चीन की छवि अच्छी नहीं है। चीन पोस्ट के जरिए छवि बदलने की कोशिश करेगा।

थ्रेट इंटेलिजेंस टीम के मुताबिक, चीन समर्थित साइबर ग्रुप्स नॉर्थ कोरिया के साथ मिलकर 2024 में होने वाले कई देशों के चुनावों को निशाना बनाने वाले हैं। चीन यही हथकंडा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में भी इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

भारत में लोकसभा की 543 सीटों के लिए चुनाव सात फेज में होगा। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग 1 जून को होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे।

**माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस टीम के 4 दावे**

1. 63 देशों में संसदीय-राष्ट्रपति चुनाव, चीन फायदा उठाएगा

2024 दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे अहम साल साबित होने जा रहा है। इस साल 63 देशों (और यूरोपीय यूनियन) में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव होंगे। दुनिया की कुल आबादी का 49त्न हिस्सा वोटिंग राइट्स का इस्तेमाल करेगा।



माइक्रोसॉफ्ट ने अपने बयान में कहा,इस साल दुनिया भर में, विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका में चुनाव होने वाले हैं। हमारा आकलन है कि चीन अपने हितों को फायदा पहुंचाने वाला एआई जनरेटेड कंटेंट बनाएगा और लोगों तक इसे पहुंचाएगा।÷

2. भविष्य में एआई जनरेटेड कंटेंट का प्रभाव ज्यादा होगा

ब्रिटिश मीडिया द गार्जियन ने रिपोर्ट में लिखा कि माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन की इस हरकत का प्रभाव आने वाले समय में बढ़ेगा। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, एआई जनरेटेड कंटेंट का तुरंत प्रभाव तो कम नजर आएगा, लेकिन चीन जिस तरह इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ा रहा है, उससे इसका असर आगे ज्यादा प्रभावी हो सकता है।

3. ताइवान में चुनाव के दौरान गलत जानकारी फैलाई गई थी

टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि ताइवान के चुनाव को प्रभावित करने के लिए चीन ने एआई के जरिए गलत जानकारियां सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। इस दौरान स्टॉर्म 1376 (स्पैमौफ्लैज) नाम का चीनी ग्रुप काफी एक्टिव था। यह ग्रुप नेताओं के फेक ऑडियो और मीम्स बनाता था। इसे सोशल मीडिया पर वायरल करता था। मकसद कुछ उम्मीदवारों को बदनाम करना और मतदाताओं को भ्रमित करना था।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, स्टॉर्म-1376 ने ताइवान की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विलियम लाई और अन्य ताइवानी अधिकारियों के साथ-साथ दुनिया भर के चीनी विरोधियों के एआई जनरेटेड मीम्स बनाए थे। इसके अलावा एक एआई न्यूज एंकर ने कहा था विलियम लाई के कई नाजायज बच्चे हैं। इस न्यूज एंकर को टॉकटॉक डेवलप करने वाली कंपनी बाइटडांस ने बनाया था।

4. चीन की कोशिश सफल या नहीं, जानकारी नहीं

टेक कंपनी ने कहा कि इस बात के बहुत कम प्रमाण हैं कि जनता को भ्रमित या प्रभावित करने की चीन की यह कोशिश सफल रही। चीन ने ऐसा कुछ अमेरिका में भी करने की कोशिश की है।

माइक्रोसॉफ्ट मे एक बयान में कहा, अमेरिका में हाल के महीनों में चीनी एआई जनरेटेड कंटेंट का उपयोग बढ़ गया है। ये नवंबर 2023 में केंटुकी में ट्रेन हादसे, अगस्त 2023 में लगी जंगल की आग, जापान के फुकुशिमा प्लांट से छोड़े जाने वाले जहरीले पानी, अमेरिका में ड्रग्स के इस्तेमाल समेत कई मुद्दों पर अमेरिका और अन्य जगहों पर जनता को विभाजित या प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

## इस्राइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा ईरान, अमेरिका को दी चेतावनी-बीच में मत आना

**तेहरान,06 अप्रैल 2024।** सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर संदिग्ध इजरायली हमले से मिडिल-ईस्ट में तनाव काफी बढ़ गया है। अब ईरान जवाबी हमले की तैयारी में है। साथ ही तेहरान ने अमेरिका को दूर' रहने की चेतावनी दी है। वहीं, ईरान के प्रतिनिधि समझे जाने वाले हिजबुल्लाह ने यहूदी राज्य को चेतावनी दी कि वह युद्ध के लिए तैयार रहे। वाशिंगटन को लिखित संदेश में ईरान ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू के जाल में फंसने से बचना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, अमेरिका को अलग हट जाना चाहिए ताकि आप पर आंच न आए।' जमशीदी ने कहा कि इसके जवाब में अमेरिका ने ईरान से अमेरिकी ठिकानों पर हमला नहीं करने को कहा है। हालांकि, ईरान की ओर से भेजे गए इस कथित संदेश पर अमेरिका की अभी तक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ईरान के सैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड' के कमांडर ने वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। मालूम हो कि इस हमले में ईरान के 2 जनरल समेत समूह के 7 सदस्यों की मौत हो गई थी। हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था। सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड' के 7 सदस्यों के समर्थन में हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने इजरायल और अमेरिका विरोधी नारे लगाए। ईरान की राजधानी तेहरान में प्रदर्शनकारी तेहरान विश्वविद्यालय की ओर बढ़े, जहां रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल हुसैन सलामी ने लोगों को संबोधित किया। सलामी ने कहा कि इजरायल की ओर से किए गए हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

### ईरानी धमकियों के बीच इज़रायल ने हवाई रक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रिजर्व सैनिकों को बुलाया

**यरूशलम,06 अप्रैल 2024।** इजरायल की सेना ने घोषणा की है कि वह ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच रिजर्व सैनिकों के साथ अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत कर रही है। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा,आईडीएफ (इज़राइल डिफेंस फोर्सेज) के हवाई रक्षा तंत्र में जनशक्ति बढ़ाने और रिजर्व सैनिकों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। उसने बताया कि स्थिति के अनुरूप मूल्यांकन के बाद यह कदम उठाया गया है। ईरान ने सीरिया में ईरानी दूतावास पर बीती रात हुए इजरायली हवाई हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम खाई थी। हमले में सीरिया में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अनुभवी कमांडर मोहम्मद रजा ज़ाहेदी और उनके डिप्टी सहित सात ईरानी मारे गए थे।

इस हमले के बाद मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ गया। इज़रायल ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# ईरान की इजराइल पर अटैक की तैयारी

## सीरिया में दूतावास के करीब एयरस्ट्राइक का बदला लेना चाहता है... अमेरिका को हिदायत...बीच में मत पड़ना...

**तेलअवीव,06 अप्रैल 2024।** ईरान सीरिया में अपने दूतावास पर हमले के बाद इजराइल से बदला लेने की की तैयारी कर रहा है। इस बीच शनिवार को ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वो इजराइल और उनके मसले के बीच न आए।

ईरानी राष्ट्रपति के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने अमेरिका से कहा,इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में न फंसें। अगर आप चाहते हैं कि हमले में आपको नुकसान न हो तो मामले से दूर रहें।

जमशीदी ने बताया अमेरिका ने उनकी चेतावनी पर कहा है कि उनके ठिकानों पर हमले नहीं होने चाहिए। CNN ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा, ईरान की चेतावनी को लेकर अमेरिकी सेना हाई अलर्ट पर है।



दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी।

**ईरानी हमले को लेकर इजराइल सतर्क**

इजराइल को ईरान की तरफ से हमले की आशंका है। इसलिए उसने अपना जीपीएस नेविगेशन सिस्टम बंद कर दिया है। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों के हमलों को रोकने के लिए जीपीएस को बंद किया जाता है।

इसके अलावा सभी सैनिकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सेना ने कहा कि हमारे सैनिक पहले से युद्ध में हैं। स्थिति को देखते हुए अस्थायी लड़ाकू इकाइयों की छुट्टी रद्द की गई है। इतना ही नहीं एयर डिफेंस कमांड को अलर्ट पर रखा गया है। कई शहरों में एंटी बॉम्ब शेल्टर शुरू कर दिए गए हैं। लोगों से कहा गया है कि वे किसी प्रकार के डर में न रहें और न ही घरों में जरूरत से ज्यादा राशन जुटाएं।

**इजराइल ने सीरिया में हमला क्यों किया...**

इजराइल ने सीरिया में एयरस्ट्राइक के जरिए ईरान को यह मैसेज देना चाहा कि अगर वह हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों की मदद करता रहा तो उसके ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। सीरिया में ईरान की एंबेसी है और वहां उसके कई सैनिक भी मौजूद हैं जो वहां के राष्ट्रपति बशर अल असद के लिए विद्रोही गुटों से लड़ रहे हैं। 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के करीब ऐसे ही ठिकानों को निशाना बनाया था।

**पूरे मिडिल ईस्ट में जंग फैल सकती है**

ईरान और इजराइल के बीच दुश्मनी जगजाहिर है, हालांकि दोनों देश कभी सीधेतौर पर एक-दूसरे से टकराने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। ईरान ने हमेश हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का सहारा लिया। वहीं, इजराइल सीधे तौर पर ईरानी ठिकानों पर हमला करता है। अब अगर ईरान सीधेतौर पर इजराइल को निशाना बनाता है तो सबसे बड़ा खतरा इस बात का है कि पूरे मिडिल ईस्ट में यह जंग फैल जाएगी और इसके नतीजे खतरनाक होंगे।

## नहीं थम रहा विदेश में भारतीयों की मौत का सिलसिला,अब न्यूयॉर्क में छात्र ने तोड़ा दम

**वाशिंगटन,06 अप्रैल 2024।** अमेरिकी विश्वविद्यालय में नामांकित एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ओहायो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साई गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुःख हुआ। पोस्ट में बताया गया है कि पुलिस जांच जारी है और शव को भारत भेजने के प्रयास किये जा रहे हैं। दूतावास ने कहा कि वह भारत में परिवार के साथ संपर्क में है।



पोस्ट में कहा गया है, उमा गड्डे के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है। हाल के सप्ताहों में अमेरिका में भारत और भारतीय मूल के छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे भारत और भारतीय अमेरिकी समुदाय में चिंता बढ़ गई है।

## प्रतापपुर सूरजपुर कलेक्टर के दिशा निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला में एसडीम ललिता भगत नए समीक्षा बैठक सहित स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण किया



- संवाददाता -

**प्रतापपुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर सूरजपुर कलेक्टर के दिशा निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला में एसडीम ललिता भगत नए समीक्षा बैठक सहित स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण किया समय सीमा पर संपूर्ण शासन के निर्देशों का पालन एवं कार्य योजना पर चर्चा किया गया तथा सुनकर में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ तहसीलदार पुष्पराज के द्वारा मीटिंग लेते हुए अपने निर्धारित समय पर कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश देते के साथ समीक्षा बैठक लिए। तथा स्वास्थ्य विभाग में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य सुविधा मिल सके तथा स्वास्थ्य विभाग में कसावट लाने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड शिशु स्वास्थ्य मातृत्व सुरक्षा एनीमिया मुक्त भारत सिकल सेल स्क्रीनिंग टीवी स्क्रीनिंग टीकाकरण इत्यादि कई विषयों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए इस दौरान अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## प्रतापपुर प्राथमिक शाला डूमरखोली में न्योता भोजन का आयोजन धूमधाम से रखा गया

- संवाददाता -

**प्रतापपुर, 06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** प्राथमिक शाला डूमरखोली के प्रधान पाठक संजय कुमार चतुर्वेदी के पुत्र सौरभ चतुर्वेदी के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल व आंगनबाड़ी के छात्र छात्राएं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता सहायिका प्राथमिक शाला के शिक्षक इसाकराम स्कूली बच्चों के अभिभावक सहित प्रधान पाठक गिरजा शंकर पांडे शिक्षक, उज्जैन यादव ,शैलेश जयसवाल सहित गांव के काफी लोग उपस्थित रहे।

## वन कर्मियों ने जंगल में बैठे जिस आदमी की खींची थी तस्वीर...चार दिनों बाद उसकी मिली क्षत विक्षत लाश

» हाथी द्वारा कुचले जाने की आशंका

» उसे गज विचरण क्षेत्र से हटाने के बजाए फोटो खींच लौट गया था वन अमला





**पहली तस्वीर-जंगल में दो अप्रैल को खींची गई तस्वीर में बैठा नजर आ रहा है,दूसरी तस्वीर-उसी जंगल में क्षत विक्षत लाश पड़ी है...**

- संवाददाता -

**मैनपाट,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मैनपाट वन परिक्षेत्र मैनपाट के जलपरी जंगल में शनिवार को आज प्रातः अज्ञात ग्रामीण का क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। शव बुरी तरह से कुचला होने के साथ कई टुकड़ों में बंटा हुआ है। जिससे हाथी द्वारा कुचले जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। जिस जगह पर शव मिला वह क्षेत्र ग्राम डांड केसरा और ललेया के बीच का है। सूचना पर पुलिस और वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच चुका है। वन कर्मचारियों द्वारा यह जानकारी दी गई कि जिस ग्रामीण का शव मिला, वह 2 अप्रैल को जलपरी जंगल में देखा गया था। उसके हाथ में त्रिशूल भी था। शव से दुर्दंध आ रही है जिससे दो,तीन दिन पहले मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वन कर्मचारियों के द्वारा इस जानकारी से लापरवाही भी उजागर हो रही है। जलपरि क्षेत्र में हाथी होने की या तो वन कर्मियों को जानकारी नहीं थी, या जंगल में ग्रामीण के होने पर सुरक्षा के लिए उसे हाथी विचरण क्षेत्र से हटाने के प्रति घ्यान नही दिया गया। 2 तारीख को वन कर्मियों द्वारा उक्त ग्रामीण की मोबाइल पर तस्वीर खींची गई थी, जिसमें वह बैठा नजर आ रहा है, उसके आसपास आग भी लगी हुई है।

# 08 अप्रैल से निर्वाचन प्रशिक्षण होगा शुरू,पहले दिन 1846 पीठासीन अधिकारियों और मतदान कर्मियों का होगा प्रशिक्षण

» कलेक्टर ने प्रशिक्षण स्थलों का स्वयं अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश...

» लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने प्रशिक्षण में शामिल होंगे 3500 से ज्यादा कर्मी





- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने शनिवार को होलीक्रॉस कॉन्वेंट स्कूल, पटपरिया और कार्मेल स्कूल,नमनाकला का निरीक्षण किया। लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान संबंधी कार्यों को सुचारू संपादन के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण की शुरुआत आगामी 8 अप्रैल से होगी जिसके तहत होलीक्रॉस कॉन्वेंट स्कूल, पटपरिया में पीठासीन अधिकारियों पी0 एवं पी 1 का और कार्मेल स्कूल, नमनाकला में पी2 और पी3 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। कलेक्टर श्री भोस्कर ने पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं भोजन व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया।

कलेक्टर ने इस दौरान मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह को यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण दिवस पर प्रशिक्षण समाप्ति के बाद बड़ी संख्या में वाहन प्रशिक्षण स्थल परिसर से बाहर निकलेंगे,इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुनियोजित कर लें जिससे यातायात बाधित ना हो। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण स्थल परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करें, साथ ही पर्याप्त संख्या में डस्टबिन स्थापित करें। इसके साथ ही भोजन के लिए खाद्य विभाग और पेयजल के लिए ईई पीएचई को व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण में पी0 एवं पी01 के कुल 1846 एवं पी02 एवं पी03 के कुल 1846 कर्मी शामिल होंगे। होलीक्रॉस कॉन्वेंट स्कूल, न्यू बिल्डिंग, पटपरिया में 08, 20 एवं 29 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह कार्मेल स्कूल, नमनाकला में 12, 22 एवं 30 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# दस्तावेज हो गए गायब,आवेदक ने की अपील

## जांच में स्वास्थ्य विभाग के भी गायब हो सकते हों दस्तावेजः सूत्र

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ तत्कालीन प्रभारी डीपीएम के जाति के दस्तावेज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण समिति के कार्यालय से गायब हो चुके है, अब मामले में प्रार्थी समजिंक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने अपील की है।

जानकारी के अनुसार सामाजिक कार्यकर्ता ने तत्कालीन प्रभारी डीपीएम की जाति से संबंधी प्रमाणित दस्तावेजों की मांग उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण समिति रायपुर से की थी, सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण समिति में जाति जांच के प्रभारी अधिकारी ने पत्र लिखकर बताया है कि चाही गई जानकारी कार्यालय में काफी खोज बीन के बाद नही होना पाया गया है, अतः जानकारी प्रदाय करना संभव नही है। अब श्री जायसवाल ने मामले में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अपर संचालक के यहां जानकारी दिलाने के लिए अपील की है। हैरान करने वाली बात यह है कि इतना संवेदनशील मामले में दस्तावेजों का गायब होना कहीं न कहीं कुछ न कुछ दाल में काला होने के संकेत दे रहा है या पूरी दाल ही काली है।

नर्सिंग होम की जांच प्रतिवेदन हो गया था गायब-सामाजिक कार्यकर्ता ने न्यू लाइफ नर्सिंग कॉलेज की शिकायत की थी जिसके बाद मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर से आए जांच दल में जांच कर जांच प्रतिवेदन मेडिकल चिकित्सा





विभाग को सौंपा था, परंतु जब उसकी जानकारी की मांग उन्होंने की तो बताया गया दस्तावेज गायब है जिसके बाद उन्होंने मामले की लिखित शिकायत की,जैसे ही मामले की जांच शुरू हुई आनन-फानन में गायब दस्तावेज लौट आये और उन्हें सूचना के अधिकार के तहत जांच प्रतिवेदन प्रदान किया गया। यहां यह बताने का मतलब यह है कि जिन दस्तावेजों में झोलझाल है उन्हें कार्यालयों से गायब करवा दिया जा रहा है,जबकि दस्तावेज गायब होने पर मामले में एफआईआर भी हो सकती है जिससे ऐसे लोग अनजान बने हुए है।

स्वास्थ्य विभाग में दस्तावेज गायब होने की है संभावना-कोरिया के स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ आरएस सेंगर और पूर्व डीपीएम के खिलाफ दर्जनों शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक पहुंच चुकी है, ऐसे में कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग से भी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को ठिकाने लगाए जाने की संभावना से इनकार नही किया जा सकताज़ यही कारण है सीएमएचओ ने आज तक पूर्व डीपीएम का न तो चेम्बर खाली करवाया है और न ही किसी व्हाट्सएप ग्रुप से उसे हटाया है, अब नए डीपीएम को वित्तीय चार्ज लेने के पुर्व सभी दस्तावेजों को संभाल के रख ने की जरूरत है नही तो सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम से उन्हें बच कर रहना होगा, दस्तावेज गायब हो जाएंगे तो इल्जाम नए डीपीएम पर लग जायेगा।

# कलेक्टर के आदेश को बता रहा है धत्ता...

## मनेंद्रगढ़ का बारूद वाले गुप्ता जी



- » जिलाधीश के आदेश के बाद भी मुख्य मार्ग से नहीं हट रहे अतिक्रमण किए हुए वाहन
- » क्या जिलाधीश के आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहा है पुलिस और परिवहन विभाग?



- रवि सिंह -
मनेन्द्रगढ़,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

मनेन्द्रगढ़ के कुछ रसूखदार लोग शासन की सड़क को भी अपना जागीर समझ लेते हैं जिस वजह से वह मुख मार्गो पर अपनी वहां खड़ा कर उसे अतिक्रमण का रूप दे देते हैं वही आने जाने वाले लोगों के लिए वही अतिक्रमण की जगह पर खड़े वाहन परेशानी का सबब बन जाती है, जिसे देखते हुए बीते सप्ताह एमसीबी कलेक्टर में एक अपने आदेश में जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश देकर कहा कि नेशनल हाईवे में अवैध तरीके से खड़ी सभी गाड़ियों को तत्काल हटा दिया जाए और आगे भी गाड़ीयां मुख्य व राष्ट्रीय मार्ग पर ना खड़ी हो ऐसी व्यवस्था की जाए...ताकि लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े साथ ही लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग सके आदेश आते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और नदी पार से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक रोड के इधर-उधर अवैध तरीके से खड़ी ट्रक बस एवं अन्य गाड़ियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया लेकिन एसडीएम बंगले के समीप एक बारूद का व्यवसाई अपना एक्सप्लोसिव ट्रक मुख्य मार्ग पर ही बड़े दमदारी से खड़ा कर रखा है,आखिर क्या वजह है की जिलाधीश के आदेश के बाद भी उनके अधीनस्थ ट्रैफिक और परिवहन देखने वाला बड़ा अमला अभी तक उसे ट्रक को हटा पाने में असमर्थ रहा है? जबकि परिवहन और पुलिस किसी की गाड़ी को खीच कर थाने लाने में क्रेन हाईड्रा जेसीबी सहित अन्य उपकरणों का उपयोग करते हैं कुछ घंटे में गाड़ियां इधर-उधर कर दी जाती है?

यही इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग पर दिन भर गैरज संचालक ट्रैक्टर ट्रक छोटी कारों का मेंटनेश कार्य करते रहते हैं कलेक्टर साहब ने जिस दिन आदेश दिया था कि मुख्य मार्ग पर गाड़ी नहीं रहेगी 2 दिन तक मुख्य मार्ग पर गाड़ियां नहीं लगाई गई थीं,लेकिन उसके बाद स्थिति फिर जस की तस हो गई है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक की गाड़ीयां जिला कार्यालय की तरफ जाती है उसके बाद गाड़ियां लगा ली जाती हैं और फिर दिन भर अपना मेंटेनेंस कार्य चलते रहता है वापसी के समय तक सभी गाड़ियों का काम कंप्लीट हो जाता है और यदि नहीं भी होता तो गेराज संचालक उन गाड़ियों को इधर-उधर लगाने का बंदोबस्त करने लगते हैं ताकि उनका व्यवसाय सुचारू रूप से चल सके, कलेक्टर कार्यालय के करीब एक बहुत कंडम कंडीशन में बस भी पिछले दो वर्षों से खड़ी है जिसमें पिछले होली में एक बाइक संचालक जाकर टकरा गया था शिकायत के बाद भी बस अपनी जगह जस की तस खड़ी हुई है अभी तक उसे पर भी किसी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा सकी है।




# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा

## सेक्टरवार किया जा रहा स्वीप कार्यक्रम

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।





एकीकृत बाल विकास परियोजना खड़गवां के अंतर्गत सेक्टर उधनापुर में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उधनापुर की वरिष्ठ मतदाता उर्मिला 60 वर्ष, जानकी 58 वर्ष सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का शुभारंम सेक्टर पर्यवेक्षक कुमारी संगीता सिंह के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी 7 मई 2024 होने चुनाव के दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने को कहा गया। बिना किसी प्रलोभन, अपने विवेक से अपने मत का प्रयोग करने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नव मतदाताओं तथा नव विवाहितों को पुष्प गुच्छ व श्रीफल से सम्मानित किया गया। उसके बाद सभी मतदाताओं ने एक साथ मिल कर रैली व प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। इसके साथ ही सभी उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलायी गयी।

# नाबालिग लडक़ी से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** नाबालिग लडक़ी से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। 4 अप्रैल की रात को नाबालिग लडक़ी घर के बाहर बर्तन धो रही थी। इस दौरान अभय गुप्ता उर्फ पंडारी नामक व्यक्ति आया और लडक़ी से पीने के लिए पानी मांग। इस दौरान आरोपी जबरन लडक़ी को घर के पीछे लेजाकर मुंह बंद कर दिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह मुंह खोलकर पीड़ता परिजन को आवाज दी। परिजन पहुंचे तब तक आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता के पिता ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

## कीटनाशक सेवन कर युवती ने दी जान

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर , 06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** जशपुर जिले के सन्ना निवासी एक किशोरी ने अज्ञात कारण से 1 अप्रैल को कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कविता पिता देवकुमार उम्र 17 वर्ष जशपुर जिले के सन्ना की रहने वाली थी। वह 1 अप्रैल को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर ली थी। परिजन उसे इलाज के लिए सन्ना अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# नवरात्रि पर उमड़ेगी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़...

- » मेला आयोजन की तैयारियों हेतु समिति और प्रशासन की बैठक सम्पन्न
- » पार्किंग पानी व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर लिये कई निर्णय

- संवाददाता -
उदयपुर,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



नवरात्रि के अवसर पर हर साल आयोजित होने वाले रामगढ़ मेला के लिए गुरूवार को जनपद सभा कक्ष उदयपुर में एसडीएम बीआर खाण्डे के नेतृत्व में मेला समिति व्यापारी गण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी रामगढ़ में चैत्र नवरात्र के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुये उक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रद्धालुओं के लिए पानी, रुकने की व्यवस्था, महिला और बुजुर्गो को सुलभता से सीढियों तक पहुंचाने का उचित साधन, पार्किंग, रोड लाइट इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई।

सीता बैंगरा, पगोड़ा, तुर्रा और सीढ़ी सहित कुल पांच जगह पर पार्किंग व्यवस्था कर पुलिस बल के साथ समिति के लोग रहेंगे, पानी के लिए स्थानीय प्रशासन, विभिन्न समितियों सहित स्थानीय लोगों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

भीड़ बढ़ने की स्थिति में गाड़ियों को सीता बैंगरा और सीढ़ी से पहले ही रोक दिया जायेगा।

बढ़ती गर्मी के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला स्थल पर दो जगहों में कैंप लगाकर श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

रात में पहाड़ी के ऊपर राम जानकी मंदिर के समीप किसी भी व्यक्ति को या दुकानदार को रुकने का इजाजत नहीं दिया जाएगा रात 9:00 बजे करीब मंदिर का पट बंद कर दिया जाएगा जोकि दूसरे दिन सुबह चार बजे खुलेगा।

बैठक में मेला समिति के लोग, एसडीएम,तहसीलदार,जनपद ऑफिस के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व्यापारी बंधु सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वीप के तहत मितानिनों ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,06 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की गयी है। इसी के परिपालन में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग तरीके से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। विगत दिवस विकासखंड खडगवा के मितानिनों के द्वारा बिजली ऑफिस से लेकर एकलव्य स्कूल पोडीडीह तक खड़गवां के समस्त चौक-चौराहों में मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया और समस्त नागरिकों से लोकतंत्र के महापर्व पर शत प्रतिशत मतदान करने अपील किया गया और उन्होंने मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में अपना मताधिकार का योगदान देने आहवान किया। खडगवां में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें समस्त मितानिन और मितानिन प्रशिक्षक साथ में विकासखंड से मितानिन (विकासखंड समन्वयक) ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। स्वास्थ विभाग द्वारा स्वीप के माध्यम से रैली निकाली गयी। वहीं रैली में शामिल अधिकारियों नें मतदाताओं से अपील करते हुये आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान खड़गवां स्वास्थ विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हुये। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान, आपका मतदान ही लोकतंत्र की जान है जैसे स्लोगन का वाचन करते हुए 07 मई 2024 को मतदान करने अपील करते हुए लोगों जागरूक किया गया।








# सजग कोरबा के तहत 45320 नग नशीले कैप्सूल एवं टेबलेट कीमती रकम 2,06,294 को किया गया जप्त

» युवाओं के भविष्य को नष्ट करने वाली घातक नशीले कैप्सूल बेचने वालों पर पुलिस का प्रहार

- संवाददाता -
कोरबा, 06 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

जिले में नशे के कारोबार में दिन-ब-दिन इजाफा होता जा रहा है,जिसपर जिले की पुलिस एवं साइबर सेल टीम द्वारा इसके रोकथाम करने के लिए सजग कोरबा अभियान चलाते हुए कार्यवाही लगातार कर रही है । इसी तारतम्य में नशे के कारोबारियों पर लगाम कसते हुए दिनांक 05 अप्रैल को उरगा पुलिस एवं साइबर सेल टीम द्वारा सयुक्त बड़ी कार्यवाही कि गई । जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा नशीले पदार्थ का व्यापार करने वाले तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात किये गए,जिनसे लगातार सूचना प्राप्त कर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में सायबर सेल कोरबा की टीम शहर में



पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि बरबसपुर बाईपास रोड उरगा क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अवैध नशीली मनोत्तेजक पदार्थ रखकर बिक्री करने की फिराक में घूम रहे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराया गया । जिस पर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त होने के बाद मुखबिर के बताये स्थान पर साइबर सेल की टीम एवं उरगा पुलिस के द्वारा पहुंचकर घेराबंदी की कार्यवाही कर एक व्यक्ति जिसने अपना नाम अमन साडें पिता विनोद साण्डे उम्र 23 वर्ष बरबसपुर थाना उरगा जिला कोरबा बताया । जिसके पास से पॉलीथिन थैली में अवैध नशीला मनोत्तेजक पदार्थ पैकेट में मिला । इस संबंध में उससे पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य दो साथियों का नाम बताया । अमन के निशानदेही पर परमेश्वर केवट एवं टंकेश्वर उर्फ टिंकू राठौर को पकड़ने के लिए टीम रवाना किया गया । संदेहियों ने पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया,एवं पूछताछ करने पर अपना नाम परमेश्वर केवट पिता स्व. दाऊ राम उम्र 28 वर्ष साकिन खोकसा थाना नैला जिला जांजगीर-चांपा तथा दूसरा व्यक्ति अपना नाम टंकेश्वर उर्फ टिंकू राठौर पिता स्वर्गीय लल्ला राठौर उम्र 27 वर्ष साकिन सारागांव जांजगीर चांपा का होना बताया । जिनपर विधिवत कार्यवाही करते हुये तलाशी लेने पर पीवोन स्पास प्लस के 47 पैकेट में कुल 11520 कैप्सूल, अल्प्राजोलम 0.5 का 52 पैकेट में कुल 31200 टेबलेट, नाइट्रोसम -10 का 26 पैकेट में कुल 2600 टैबलेट को बरामद कर कब्जा कुल 45320 नग कीमती रकम 2,06,294 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध उपरोक्त कृत्य धारा 21 (ष्ट) एन.डी. पी.एस. एक्ट का घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। पुलिस ने आगे जानकारी देते हुए बताया के ये नशीली दवाइयां झारखंड से लाया जाकर इन आरोपियों द्वारा बेचा जा रहा था । जिले के पुलिस कप्तान ने इस बड़ी कार्यवाही में नगर वासियों के सहयोग एवं पुलिस, साइबर सेल टीम की सूझबूझ से की गई कार्यवाही पर बधाई देते हुए कहा के हर एक नागरिक को जागरूक होते हुए अपने आस पास हो रहे अवैधानिक कार्यों से पुलिस को अवगत कराएं, जिससे अवैध कार्यों में अंकुश लगाया जा सके । साथ ही उन्होंने कहा के सजग कोरबा अभियान का उद्देश्य है जिले में पुलिस और जनता के बीच की दूरियां को काम करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास स्थापित करना, जिससे जनता के सहयोग मिल जिले में अवैधानिक कार्यों को रोका जा सके,साथ ही उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे की लत को देखते हुए कहा के हर एक की यह नैतिक जिम्मेदारी होना चाहिए की वे नशे के कारोबार करने वालों को रोकने में पुलिस की मदद करें,जिससे पुलिस इन अवैध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए युवाओं को नशे के कब्जे में जाने से बचा सके ।



## बाहरी आदमी का नहीं,अपने सगा-संगी का करे भरोसा : डॉ. महंत

आपके बच्चों और प्रदेश की सुरक्षा के लिए हमेशा संकल्पित हूं

- संवाददाता -
कोरबा,06 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपना जनसंपर्क व कार्यकर्ता सम्मेलन में मार्गदर्शन देने का क्रम जारी रखा है। उरगा में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सम्मेलन में डॉ.महंत ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों का हमेशा से आशीर्वाद मिलता रहा है और यही आशीर्वाद आगे भी मिलते रहने की अपेक्षा है। पिछले चुनाव में 29 हजार वोटों से सांसद ज्योत्सना महंत को जिताया था और इस बार भी इससे अधिक वोटों से जिताना है। डॉ. महंत ने कहा कि आप सबके दुख-तकलीफ में साथ खड़ा रहा और आगे भी साथ रहूंगा। रामपुर विधानसभा में पिछली बार जब हमारा विधायक नहीं था, तब भी ज्योत्सना महंत हर गली, हर गांव में पहुंची। इस बार कांग्रेस का विधायक है तब भी ज्योत्सना महंत ने अपना संपर्क लगातार बनाए रखा है। उन्होंने छत्तीसगढिया अंदाज में कहा कि बाहरी लोग क्षेत्र में घूम रहे हैं, आप लोगों को बाहरी आदमी का भरोसा नहीं करना है, अपने आदमी का भरोसा करें, अपने सगा-संगी, गंवईया आदमी का भरोसा करें और उसे जिताने के लिए सब मिलकर काम करें। डॉ. महंत ने कहा कि आपके बच्चों के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा के लिये मैं हमेशा साथ खड़ा हूं द्व इसके लिये संकल्प भी लेता हूं।

# संगठन के लिए युवा हैं रीढ़ के हड्डी,विधानसभा चुनाव में लगाई थी अपनी पूरी ताकत



» भारतीय जनता युवा मोर्चा की लोकसभा स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन हुई संपन्न

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,06 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव को संज्ञान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय नेतृत्व के अनुसार योजना व तरीके से युवा युवा मोर्चा की मंडल इकाई तक के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन लोकसभा कार्यालय अंबिकापुर में संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए भारत माता दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर दीप प्रचलन किया गया सम्मेलन किस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रथम पट्टी पंक्ति के कार्यकर्ता हैं स्थापना दिवस की बधाई देते हुए युवाओं को रीड की हड्डी भी बताया जिन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत आंदोलन घेराव वन बूथ 20 यूथ के माध्यम से अपनी भूमिका को आगे रखा है ठीक उसी प्रकार से आने वाले समय में लोकसभा चुनाव के अंतर को भी बड़ा करके प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को विजय बनाना है भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने अपने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव के जीत के लिए बधाई दिया और कहा किसी ऊर्जा और जुनून के साथ लोकसभा चुनाव में भी हम अपने सांसद को जिताकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे ताकि भारत फिर से विश्व गुरु के शिखर पर आगे बढ़े और एक नया कृतिमान स्थापित कर सके लोकसभा चुनाव की दृष्टि से युवा मोर्चा के कार्यक्रम की रूपरेखा को बताते हुए आदर्श युवा चौपाल प्रत्येक विधानसभा में 100 जगह करना है साथ ही स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए युवा संकल्प के कार्यक्रम में शपथ लेकर के लाइव वीडियो सोशल मीडिया में चलना है वॉल राइटिंग की भूमिका लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण हो इस विषय को भी कर गर्वित रूप से संबोधित किया लोकसभा की दृष्टि से सहसंयोजक अखिलेश सोनी ने कहा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में जिस प्रकार की ऊर्जा होती है ऐसी ऊर्जा और ताकत शायरी किसी कार्यकर्ता में विद्यमान है मैं भी युवा मोर्चा का कार्यकर्ता रहा हूं तो मैं उनके जज्बातों को समझ सकता हूं मेरा ऐसा मानना है कि युवा मोर्चा के बदलते ही हमने पूरे संभाग में पूरे विधानसभा में जीत अर्जित की है आने वाले समय के लोकसभा चुनाव में भी भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे और सरगुजा में कमल खिलाएंगे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया ने युवाओं में ऊर्जा का संचार भरते हुए कहा की छत्तीसगढ़ के इतिहास में सरगुजा में हमने सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के सांसद बनते देखा है पर इस बात से अस्वस्थ नहीं होना है पूरी लगन से मेहनत करते हुए हमें लोकसभा चुनाव को मजबूती से लडना है ताकि इस चुनाव में 400 पार का आंकड़ा भी भारी अंतर से जीत सकें। संभाग प्रभारी राजा पांडे ने कार्यकर्ताओं से युवा मोर्चा के कार्यक्रम को सही तरीके से समय पर पूर्ण करने को कहा था कि आने वाले समय के संगठन चुनाव में किसी सिफारिश की आवश्यकता ना हो कार्यकर्ता अपनी पहचान बन जाए ऐसा काम करके दिखाना है की बात को सामने रखा। कार्यक्रम के प्रस्तावना को युवा मोर्चा के लोकसभा प्रभारी व प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह ने रखा अपने युवा कार्यकर्ताओं की तरफ से मंचासीन अतिथियों को अस्वस्थ करते हुए भरोसा दिलाया है कि यही युवा है जिनके दम पर हम लोकसभा चुनाव को भारी अंतर से विजयी बनाएंगे। कार्यक्रम में युवा संकल्प में अंबिकापुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने पत्रक के माध्यम से युवाओं को शपथ दिलाया और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुभकामनाएं भी दी। सम्मेलन के इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी सरगुजा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल भाजयुमो जिला अध्यक्ष सरगुजा विश्व विजय सिंह तोमर सूरजपुर जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती भाजपा जिला मंत्री सरगुजा रामप्रवेश पांडे भाजयुमो में प्रदेश कार्य समिति सदस्य व पार्षद रिंकू वर्मा किसान मोर्चा के नेता आकाश गुप्ता कार्यक्रम में मंच का संचालन युवा मोर्चा के प्रशिक्षण सह प्रभारी वह लोकसभा सह प्रभारी अभिषेक प्रताप सिंह देव ने किया और आभार कन्या शक्ति सयोंजीका व लोकसभा सह प्रभारी दीक्षा अग्रवाल ने किया। अतिथियों के साथ-साथ मंडल इकाई के कार्यकर्ताओं में युवा मोर्चा के समस्त प्रदेश कार्य समिति सदस्य जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री समेत ऊर्जावान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतापपुर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षउत्साह के साथ मनाया गया

- संवाददाता -
प्रतापपुर, 06 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय प्रतापपुर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया गया इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में स्वास्थ्य लाभ के लिए भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया।

भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप 6 अप्रैल 2024 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मंडल कार्यालय प्रतापपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के





छायाचित्र के समक्ष रूप प्रचलित किया गया कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी अजीत शरण सिंह शिवचरण बापू के द्वारा पार्टी के गठन तत्कालीन परिस्थितियों एवं पार्टी के संस्थापक सदस्यों के द्वारा किए गए अविस्मरणीय कार्यों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम के उपरांत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में जाकर इलाज के लिए भर्ती मरीजों को फल वितरित किया इस दौरान मंडल महामंत्री अवधेश पाण्डेय विनोद श्रेष्ठ पार्षद नगरपंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश तायल, अरविंद जैसवाल ,अंकुर जयसवाल, आनंद शुक्ला अजय जयसवाल विजेंद्र कश्यप आकाश मित्तल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,06 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

दिनांक 06.10.23 को ग्राम कृष्णपुर, थाना सूरजपुर निवासी शेष नारायण शर्मा ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपनी पुत्री का दाखिला एमबीबीएस पाठ्यक्रम वर्ष 2019 हेतु कृष्ण मोहन मेडिकल कालेज मथुरा उत्तरप्रदेश में कराना चाहता था जो उसी डॉक्टर यशवंत सिंह व उसका एक अन्य साथी आवेदक की पुत्री का एडमिशन के नाम पर धोखाधड़ी कर 2 किस्तो में 5 लाख रूपये लिए तथा कालेज प्रबंधन के नाम पर बैंक डीडी के माध्यम से 8 लाख 50 हजार रूपये लिए थे जो बैंक डीडी का कालेज द्वारा वापस किया गया किन्तु डॉक्टर यशवंत सिंह व उसके



साथी द्वारा नगदी लिए गए राशि 5 लाख को वापस नहीं कर धोखाधड़ी किए है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जयनगर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने धोखाधड़ी के आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना जयनगर पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच तकनीकी संसाधनों से जानकारी मिली कि आरोपी वृदांवन मथुरा में है जिसके बाद विधिवत् अनुमति प्राप्त कर पुलिस टीम वृन्दावन के लिए रवाना हुई और दबिश देकर आरोपी डॉक्टर यशवंत सिंह पिता शैलेन्द्र प्रताप सिंह उम्र 39 वर्ष, निवासी सेक्टर-2, गोधुलीपुरम, थाना जैत, जिला मथुरा उत्तरप्रदेश स्थाई पता ग्राम डेहरियावां ब्लाक बलदीराय, थाना हलियापुर उत्तरप्रदेश को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि 5 लाख रूपये को अपने 1 अन्य साथी से बाट लिए थे जिसे निजी उपयोग में खर्च कर देना बताया जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर परिवीक्षाधीन डीएसपी स्निग्धा सलामे, एसआई सरफराज फिरदौसी, एएसआई प्रवीण राठौर, आरक्षक दिनेश ठाकुर व सैनिक अली सक्रिय रहे।

# कांग्रेस का न्याय पत्र एक तरह से बहुसंख्यकों के लिए अन्याय पत्र है : नितिन नवीन

- संवाददाता -
कोरबा,06 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।



न्याय पत्र में कांग्रेस ने समाज को तोड़ने वाले कई वादे किए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस ने हाल ही में मोदी सरकार द्वारा बनाए गए तीन कानून को रद्द करने, मुस्लिमों को पर्सनल लॉ को बनाए रखने और धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर कई तरह की छूट देने का संकेत अपनी घोषणा पत्र में दिया है। कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कुख्यात है। इसका परिणाम ये हुआ है कि पार्टी लगभग 52 सीटों पर सिमट गई,लेकिन तुष्टिकरण छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उक्त बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री नितिन नबीन ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे न्याय पत्र नाम दिया है। इस न्याय पत्र में कांग्रेस ने समाज को तोड़ने वाले कई वादे किए हैं। इसके अलावा, स्कूल-कॉलेजों में बुर्का हिजाब को पहनने की अनुमति, भाषा और खानपान की स्वतंत्रता की बात कही है। ऐसी स्थिति गौ हत्या, लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे सामाजिक ताना बाना को तोड़ने वाले कार्यों को बढ़ावा मिल सकता है। यहाँ तक हेट स्पीच के नाम हिंदुओं की स्वतंत्रता का दमन, मुस्लिम जजों की नियुक्ति करके न्यायपालिका को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश और जाति जनगणना कराकर हिंदुओं को बांटने का संकेत दिया गया है। कांग्रेस का न्याय पत्र एक तरह से बहुसंख्यकों के लिए अन्याय पत्र है।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों के लिए 09 पॉइंट जारी किया है। इसके पहले पॉइंट में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 25, 28, 29 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। अगले प्वॉइंट में पार्टी ने कहा है कि अनुच्छेद 15, 16, 29 और 30 के तहत भाषा की दृष्टि से अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। संविधान का अनुच्छेद 15 का नियम 2 कहता है कि किसी भी भारतीय नागरिक को जाति, धर्म, लिंग, जन्म स्थान और वंश के आधार पर दुकानों, होटलों, सार्वजानिक भोजनालयों, सार्वजनिक मनोरंजन स्थलों, कुओं, स्नान घाटों, तालाबों, सड़कों और पब्लिक रिजॉर्ट्स में जाने से नहीं रोका जा सकता। यानी कई मामलों में इससे हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच टकराव बढ़ेगा। भाजपा सरकार द्वारा बंद किए गए मौलाना आजाद छात्रवृत्ति को फिर लागू करने और उसकी संख्या बढ़ाने की बात कही है। मुस्लिमों को ऋण देने के लिए भी कांग्रेस ने आसान नीति बनाने की बात कही है। इसके साथ ही पार्टी ने अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी नौकरी लोक निर्माण अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उचित अवसर देने की बात कही है। मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस ने जो भी घोषणा की है, उनमें से अधिकांश की माँग ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड करता रहा है। बोर्ड मुस्लिमों के कानून में किसी भी तरह के संशोधन या हस्तक्षेप का विरोध करता है। इस संस्था का कहना है कि मुस्लिमों के कानून शरिया यानी इस्लामी कानून एवं कुरान द्वारा संचालित हैं, इसलिए उसे बदला नहीं जा सकता।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग और मानवाधिकार आयोग की तर्ज पर एससी/एसटी और ओबीसी आयोग के साथ-साथ अल्पसंख्यक आयोग को भी स्वायत्तता देने की बात कही है। कांग्रेस ने नफरत भरे भाषणों,घृणा अपराधों और सांप्रदायिक विवादों को सख्ती से खत्म करने की बात कही है। ऐसे अपराधियों और उनके प्रायोजकों की पहचान कर उन्हें दंडित करने की बात कही है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में उन तमामों मुद्दों को सांकेतिक रूप से जगह दी है, जिसके जरिए तुष्टिकरण के लिए वह कुख्यात रही है। पार्टी ने सांप्रदायिक विवादों और हेट स्पीच को लेकर इसे और इसके प्रायोजकों की पहचान करने के नाम पर हिंदुओं और हिंदू संगठनों पर कार्रवाई का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यूपीए-II के दौरान एक कानून का मसौदा तैयार किया था, जिसमें दंगों के लिए बहुसंख्यक समुदायो को जिम्मेदार ठहराया गया था। कांग्रेस की तुष्टिकरण की सीमा कुछ ऐसी थी कि तत्कालीन सरकार में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को यहाँ तक कहना था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुस्लिमों का है। यह बयान कुछ ऐसा था, जो भारत के विभाजन से पहले मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग ने कहा था। मुस्लिम लीग कहती थी कि, अंग्रेजों ने सत्ता मुस्लिमों से लिया है, इसलिए इसका हस्तांतरण भी मुस्लिमों को होना चाहिए।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र- /अ-20 (3) /2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभास लाल अग्रवाल आ0 स्व0 गोपीराम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी महामाया रोड अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला देवीगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1168/6 रकबा 0.1,1/2 एकड़ भूमि/मकान को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोइ दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/04/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र- /अ-20 (1) /2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुष अग्रवाल आ0 स्व0 विजय कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम कुनकुरी तहसील बतौली जिला-सरगु छ0ग0 के द्वारा न्यायालय नजूल अधिकारी अम्किापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के रा0प्र0क्र0 2023 0102 1200 038 (116/अ-6/2022-23 आयुष अग्रवाल प्रति श्रीमती शिखा अग्रवाल) पारित आदेश दिनांक 20/03/2023 के अंतिम पैरा में आवेदक का मूल पता अंकित न होकर त्रुटिवश गलत पता दर्ज हो जाने के कारण त्रुटि सुधार कराने हेतु आवेदन पत्र आदेश की छायाप्रति सहित पेश की गई।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोइ दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/04/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला आज

» सूर्यकुमार की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती

» दिल्ली भी अभियान पटरी पर लाने के लिए बेकरार

**नईदिल्ली,06अप्रैल 2024(ए)।** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है।

दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है। सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं। उन्होंने अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे।

मुंबई की टीम ने अभी तक हर विभाग में खराब प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा और ईशान किशन ने उसे अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन यह दोनों बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे हैं। तिलक वर्मा और नमन धीर पर भी यह बात लागू होती है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके टीम को प्रेरित करने में नाकाम रहे हैं। उन्हें प्रशंसकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी है। रविवार को हालांकि इस मामले में उन्हें कुछ राहत मिल सकती है क्योंकि इस दिन स्टेडियम में 20000 से अधिक बच्चे खेल का लुत्फ उठाएंगे। जहां तक मुंबई के गेंदबाजी विभाग का सवाल है तो आकाश मधवाल को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाया है। आकाश ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट लिए थे। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पिछले दो मैच में अर्धशतक जमाकर लय हासिल कर ली है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पंत ने अभी तक चार मैच में 152 रन बनाए हैं।





दिल्ली के गेंदबाजों ने पिछले मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर धुनाई करके 7 विकेट पर 272 दिन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 166 रन बनाकर आउट हो गई थी। मुंबई के खिलाफ वह इस मैच को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेगी। दिल्ली को डेविड वार्नर से बड़ी उम्मीद होगी। उनके अलावा पृथ्वी साव भी वानखेड़े में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं...

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

## युसरा मर्दिनी: ओलंपिक तैराक में पदक प्राप्त प्रसिद्ध एथलीट

**नईदिल्ली,06अप्रैल 2024(ए)।** दुनिया उन सभी एथलीटों को सम्मानित करने के लिए 6 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाती है जो अपने देश से विस्थापित हो गए लेकिन उन्होंने अपने सपनों को नहीं छोड़ा। ऐसी ही एक एथलीट हैं युसरा मर्दिनी, जो किशोरावस्था में युद्धग्रस्त सीरिया से भाग गई, लेकिन फिर शरणार्थी ओलंपिक टीम के हिस्से के रूप में 2016 और 2020 ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने चली गई।सीरिया के दमिश्क के मध्य में जन्मी युसरा मर्दिनी के शुरुआती वर्ष उसके पिता की तैराकी की महिमा की कहानियों की गूँज से भरे हुए थे। छोटी सी उम्र से ही वह पानी के प्रति आकर्षित हो गई थी, ओलंपिक में पदक जीतने के सपने ने उसके जुनून को और बढ़ा दिया। लेकिन भाग्य ने उसके साथ क्रूर व्यवहार किया क्योंकि गृहयुद्ध ने उसकी मातृभूमि को तबाह कर दिया, उसके अस्तित्व के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया।

महज़ 13 साल की उम्र में संघर्ष की अराजकता के बीच युसरा की दुनिया बिखर गई। घर की सुरक्षा एक स्मृति बनकर रह गई क्योंकि बमों ने उनके पड़ोस को तहस-नहस कर दिया, जिससे उनके परिवार को रिश्तेदारों के यहां शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। फिर भी, उथल-पुथल के बीच भी, युसरा अपने सपनों पर कायम रही और खतरे का सामना करते हुए अथक प्रशिक्षण लेती रही।2015 में, चार साल तक गोलाबारी और स्नाइपर्स का सामना करने के बाद, युसरा मर्दिनी और उनकी बड़ी बहन सारा ने सुरक्षा की तलाश में देश छोड़ने का फैसला किया। लेबनान



के रास्ते तुर्की पहुंचने के बाद, किशोरी और उसकी बहन सारा ने नाव से ग्रीस में तस्करी की व्यवस्था की, लेकिन जल्द ही खुद को खतरे में पाया।

नाव का इंजन फेल हो गया और नाव पर सवार सभी लोगों की जान खतरे में पड़ गई, युसरा, सारा और एक अन्य यात्री के साथ, पानी में कूद गई और घंटों तक नाव को धकेलती रही जब तक कि वे ग्रीस नहीं पहुंच गए, जिससे नाव पर सवार लोगों की जान बच गई। उनकी 25 दिनों की कष्टदायक यात्रा अंततः उन्हें जर्मनी ले गई, जहाँ युसरा को पानी के परिचित आलिंगन में सांत्वना मिली। विस्थापित होने और नए देश में समायोजित होने की चुनौतियों के बावजूद, युसरा ने अपने सपनों को कभी नहीं छोड़ा। वह बर्लिन में एक स्थानीय स्विमिंग क्लब में शामिल हो गई, जहाँ उनकी असाधारण प्रतिभा ने कोचों और जनता का ध्यान आकर्षित किया। उनकी यात्रा का शिखर 2016 में आया जब रिफ्यूजी ओलंपिक टीम के सदस्य के रूप में युसरा रियो ओलंपिक में विश्व मंच पर खड़ी हुई। हालाँकि 100 मीटर बटरफ्लाई हीट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें निचले पायदान पर ला खड़ा किया, लेकिन उनकी जीत ने पदक पोडियम को पार कर लिया। उनके शब्दों में, उन्होंने न केवल ओलंपिक ध्वज बल्कि वैश्विक समुदाय की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाया।ओलंपिक दिवस पर पांच बार की ओलंपिक चैंपियन केटी लेडेकी से बात करते हुए, युवा तैराक ने कहा जिस क्षण मैंने स्टेडियम में प्रवेश किया, उसने शरणार्थी शब्द के बारे में मेरे सोचने का तरीका बदल दिया।

युसरा ने कहा, मुझे पता है कि मैं शायद अपने देश का झंडा नहीं उठा रही हूं, लेकिन मैं ओलंपिक ध्वज ले जा रही हूं जो पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व करता है। युसरा की अदम्य भावना दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित करती रहती है। अब तक की सबसे कम उम्र की यूएनएचसीआर सद्भावना राजदूत के रूप में नामित, शरणार्थी अधिकारों के लिए उनकी वकालत पूल से कहीं अधिक दूर तक गूँजती है।

## हार का शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है असर

**नईदिल्ली,06अप्रैल 2024 (ए)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने कहा कि टूर्नामेंट में हार खिलाड़ियों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती है। उन्होंने कहा कि जब वह खेलती थीं तब खिलाड़ियों के कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य पर कोई चर्चा नहीं होती थी। एक कार्यक्रम से इतर सानिया ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि जब भी उन्हें किसी टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा तो उन्हें अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। उन्होंने अपने खेल के दिनों को याद करते हुए कहा, ''यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि उस दौर में हम आमतौर पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा बात



नहीं करते हैं। हमने हाल ही में इस पर चर्चा शुरू की है। दैनिक आधार पर टूर्नामेंट में हार से निपटना काफी मुश्किल था। ''सानिया ने पिछले साल फरवरी में टेनिस को अलविदा कह दिया था। हार से निपटने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''उस दौरान, मैं काफी भाग्यशाली थी कि मुझे अपने परिवार और टीम से समर्थन मिला। मेरी कोशिश दिमाग को स्थिर रखने की थी ताकि ज्यादा नुकसान नहीं हो।''उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब कोई नुकसान झेल रहा हो तो मानसिक स्वास्थ्य से निपटना वास्तव में कठिन होता है और कभी-कभी खिलाड़ी इससे उबर नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए शारीरिक से लेकर मानसिक स्वास्थ्य तक हर चीज को संभालना हर किसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## रोहन बोपन्ना विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज

**नई दिल्ली,06अप्रैल2024(ए)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार कर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7 6-3 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने इससे पहले तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर



पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। भांबरी ने इस सत्र में पहली बार ओलिवेटी के साथ जोड़ी बनाई थी। वह अधिकतर टूर्नामेंट में नीदरलैंड के रॉबिन हासे के साथ मिलकर खेल रहे थे।

इस भारतीय खिलाड़ी ने मियामी मास्टर्स में न्यूजीलैंड के पूर्व साथी माइकल वीनस के साथ जोड़ी बनाई थी, जहां वे पहले दौर से बाहर हो गए थे। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज भांबरी युगल रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों में रोहन बोपन्ना के बाद दूसरे स्थान पर हैं। बोपन्ना विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि बोपन्ना पेरिस ओलंपिक के लिए अपने जोड़ीदार के रूप में भांबरी का चयन करते हैं या नहीं। विश्व रैंकिंग में चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल होने के कारण बोपन्ना अपनी पसंद का जोड़ीदार चुन सकते हैं।

भांबरी ने पीटीआई से पुष्टि की कि बोपन्ना ने अपने संभावित जोड़ीदार के लिए अभी तक उनसे कोई बात नहीं की है। सीधी प्रविष्टियां भेजने के लिए अंतिम तिथि 10 जून है जबकि राष्ट्रीय ओलंपिक समिति 19 जून तक खिलाड़ियों के नाम भेज सकती है। इस बीच एटीपी ह्यूस्टन ओपन में भारत के एन श्रीराम बालाजी और उनके जर्मन साथी आंद्रे बेगेमैन सेमीफाइनल में मैक्स परसेल और जॉर्डन थॉम्पसन की चौथी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से 7-6(5) 2-6 3-10 से हारकर बाहर हो गए।

### क्वार्टर फाइनल में यो एनजी ने सेंथिलकुमार को हराया

**हैम्बर्ग,06अप्रैल 2024(ए)।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के



क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11.5, 11.8, 9.11, 11.9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6.11, 7.11, 11.6, 11.3, 11.9 से हराया था।

## दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई जादूगर शेन वार्न के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नाथन लियोन

**लंकाशायर,06अप्रैल 2024 (ए)।** ऑस्ट्रेलियाई अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन वैश्विक मंच पर स्पिन-गेंदबाजी की कला को बढ़ावा देकर और इसे फिर से ठंडा बनाकर दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई जादूगर शेन वार्न के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं। 13 साल से अधिक समय तक चले अंतरराष्ट्रीय करियर में, वार्न को अपने समय के दौरान स्पिन की कला को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया गया है, उनकी चालाकी और आत्मबल को देखने के लिए स्टेडियमों में भीड़ उमड़ती थी, जो केवल उनके पास थी।

ल्योन ने वार्न की विरासत को जीवित रखने के लिए अपनी गहरी प्रशंसा और दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए महान स्पिनर को श्रद्धांजलि अर्पित की। आईसीसी के हवाले से द टाइम्स से बात करते हुए लियोन ने कहा, मैंने शेन वॉर्न को देखा, जो इस खेल



में अब तक के सबसे महान खिलाड़ी थे और वह स्पिन गेंदबाजों के लिए झंडा फहराते थे। उन्होंने कहा, जब से वह गुजरे हैं, मैंने आंतरिक रूप से कहा था कि मैं स्पिन पर बड़ा फोकस रखना चाहता हूं, खासकर ऑस्ट्रेलिया में, बल्कि पूरी दुनिया में। स्पिन को फिर से कूल बनाना और शेन के नक्शेकदम पर चलना चाहता हूं।

खेल के गहन पर्यवेक्षक, ल्योन ने भारत-इंग्लैंड श्रृंखला का बारीकी से पालन किया और हार्टले के प्रदर्शन से पूरी तरह प्रभावित हुए। लियोन ने कहा, मैं उस (भारत बनाम इंग्लैंड) सीरीज से जुड़ा हुआ था, मेरे लिए क्रिकेट दुखद है, इसे छिपाया नहीं जा सकता। टॉम को पदार्पण करते हुए और पांच टेस्ट मैच खेलते हुए देखना...वह एक प्रतिभा है। वह केवल 24 वर्ष का है और यह देखने के लिए कि वह क्या करता है, मेरा मानना है कि वह किसमें बेहतर हो सकता है, उसके सामने एक बड़ा भविष्य है। मुझे यह सुनिश्चित करने में टॉम की मदद करने में खुशी होगी कि उसके पास कौशल सेट है ताकि जब वह ऑस्ट्रेलिया आए तो वह प्रभावी हो सके। मुझे पता है कि मैं ऑस्ट्रेलियाई हूं, लेकिन मैं चाहता हूं कि दुनिया भर में टेस्ट क्रिकेट का स्वास्थ्य बढ़े, खासकर ध्वज फहराना।

### पीसीबी ने बदला पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कोच

**लाहौर,06अप्रैल 2024 (ए)।** पाकिस्तान क्रिकेट में हाल ही में शाहीन अफरीदी को टी20 कप्तानी से हटा कर फिर से बाबर आजम को कप्तानी सौंपी गई। जिसके बाद काफी हला मचा था। वहीं अब रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जेसन गिलेस्पी को पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। पाकिस्तान बोर्ड इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कर्स्टन को सफेद गेंद के कोच के रूप में चुना है। जबकि गिलेस्पी को ग्रीन शर्ट्स के लिए लाल गेंद के कोच के रूप में चुना गया है।

## कार दुर्घटना की शिकार पाकिस्तान की बिस्माह मारूफ,गुलाम फातिमा को आईं मामूली चोटें



**लाहौर,06अप्रैल 2024(ए)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान महिला टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और स्पिनर गुलाम फातिमा को शुक्रवार शाम एक कार दुर्घटना के बाद %मामूली चोटें% आईं। पीसीबी ने शनिवार को एक बयान जारी किया जहां क्रिकेट संचालन संस्था ने कहा कि दोनों खिलाड़ी एक मामूली कार दुर्घटना में शामिल थे। हालाँकि, इससे दुर्घटना के बारे में कोई और जानकारी सामने नहीं आई। ÷पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी दो महिला खिलाड़ियों, बिस्माह मारूफ और गुलाम फातिमा के बारे में एक अपडेट प्रदान किया है, जो शुक्रवार शाम एक मामूली कार दुर्घटना में शामिल थीं। मामूली चोटों के बावजूद, दोनों खिलाड़ियों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिला और वर्तमान में वे उपचाराधीन हैं। पीसीबी मेडिकल टीम की देखभाल, पीसीबी के बयान के हवाले से आईसीसी ने कहा। इसमें कहा गया है कि बिस्माह और गुलाम दोनों वर्तमान में संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं जो वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं। इसमें कहा गया है, दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं।



## फरदीन खान ने हीरामंडी से एक्टिंग में की वापसी

स्ट्रीमिंग सेवा नेटफ्लिक्स ने शनिवार (6 अप्रैल) को आगामी पीरियड ड्रामा सीरीज़ हीरामंडी द डायमंड बाज़ार से अभिनेता फरदीन खान का पहला लुक साझा किया, जो फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की ओटीटी शुरुआत है। स्ट्रीमर ने भारत में स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान सेट किए गए शो से वरिष्ठ अभिनेता शेखर सुमन और उनके बेटे अध्ययन सुमन के साथ-साथ ताहा शाह के चरित्र पोस्टर का भी अनावरण किया।हीरामंडी के साथ, खान लगभग 15 वर्षों के अंतराल के बाद अभिनय में वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार 2010 में दूल्हा मिल गया में देखा गया था।जंगल, प्यार तूने क्या किया, भूत, देव और नो एंट्री जैसी फिल्मों के लिए मशहूर 50 वर्षीय अभिनेता शो में वली मोहम्मद का किरदार निभा रहे हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने खान के चरित्र के साथ अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे, वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास करते हैं। फरदीन खान ने वली मोहम्मद के रूप में स्क्रीन पर अपनी शानदार वापसी की है।

पोस्टर.प्रेम, शक्ति, प्रतिशोध और स्वतंत्रता की एक महाकाव्य गाथा के रूप में पेश की गई यह श्रृंखला 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक चमकदार जिले हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है।

1 मई को स्ट्रीमर के प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए तैयार, हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख मुख्य भूमिका में हैं।सुमन, जो उत्सव और संसार जैसी फिल्मों के साथ-साथ क्लासिक कॉमेडी श्रृंखला देख भाई देख में दिखाई दी हैं, जुल्फिकार की भूमिका निभा रही हैं।नेटफ्लिक्स ने उनके चरित्र पोस्टर को साझा करते हुए कहा, मल्लिकाजान (कोइराला) के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए, जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है- हीरामंडी उनके अभिनेता-पुत्र अध्ययन जोरावर की भूमिका निभाते हैं। अभिनेता ने पहले राज-द मिस्ट्री कंटीन्यूज़, जश्न और हाल ही में चुप रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट जैसी फिल्मों में अभिनय किया है।ज़ोरावर का लज्जो (चड्ढा) के प्रति स्नेह एक झुलसा देने वाला आलिंगन है जहां जुनून चमकता है- लेकिन जब प्यार बुलाता है, तो क्या वह जवाब दे पाएगा? सपने देखने वाले ने चरित्र विवरण में कहा।बार बार देखो और लव का द एंड में अभिनय के लिए मशहूर शाह हीरामंडी में ताजदार की भूमिका निभा रहे हैं।नेटफ्लिक्स ने कहा, नवाब का बेटा परंपरा और प्रेम के बीच फंसा हुआ है, ताजदार मुक्ति के माध्यम से उद्देश्य तलाशता है।हीरामंडी द डायमंड बाज़ार मोइन बेग की अवधारणा पर आधारित है। सीरीज का निर्माण और निर्देशन भंसाली द्वारा किया गया है। वह शो में निर्माता के रूप में भी काम करते हैं।

## तेलुगु अभिनेता जगपति बाबू बोले,सलमान खान के साथ हमेशा काम करना चाहता था

तेलुगु अभिनेता जगपति बाबू ने हाल ही में 2016 की फिल्म किसी की भाई किसी की जान में सलमान खान के साथ काम करने के अपने अनुभव का खुलासा किया। अपनी आने वाली फिल्म रुसलान के ट्रेलर लॉन्च के दौरान इस बारे में बात करते हुए एक्टर ने कहा कि उन्होंने सलमान के साथ काम करने का सपना देखा था।आयुष शर्मा की रुसलान का ट्रेलर लॉन्च इवेंट शुक्रवार, 5 अप्रैल को हुआ। इवेंट के दौरान जगपति बाबू ने कहा, मैं हमेशा बॉलीवुड के लिए हाथ खोलकर देख रहा था और सलमान भाई के साथ ऐसा हुआ। यह मेरा सपना था। उन्होंने आगे कहा, मैं हमेशा से सलमान के साथ काम करना चाहता था और उस फिल्म की शूटिंग के दौरान रुसलान की शूटिंग हुई। उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने रुसलान के लिए सलमान से संपर्क किया, तो टाइगर 3 अभिनेता ने कहा, यह वास्तव में होगा। तो, मैं इसमें शामिल हो गया, और मैं इससे बहुत खुश हूं। खान परिवार के साथ उनके समीकरण के बारे में पूछे जाने पर, जगपति ने मजाक में कहा, मुझे खुशी है कि मैं लगभग परिवार में हूं। बेशक, हर कोई जानता है कि सलमान भाई और आयुष के साथ काम करना बहुत अच्छा है। इसलिए, मुझे लगता है कि मैं ऐसा नहीं करता। मुझे कामकाजी रिश्तों में ज्यादा अंतर नजर नहीं आया। मुझे दोनों फिल्में (किसी की भाई किसी की जान और रुसलान) करने में बहुत मजा आया।

सलमान खान ने हाल ही में आयुष शर्मा की रुसलान ट्रेलर की तारीफ की। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए सलमान ने लिखा, ÷आयुष, रुसलान में की गई कड़ी मेहनत, प्रयास और समर्पण देख सकते हैं, चाहे कुछ भी हो, बस अपना सर्वश्रेष्ठ देते रहें। कड़ी मेहनत हमेशा फल देगी। भगवान आप सभी को आशीर्वाद दें और शुभकामनाएं दें। फिल्म 26 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दहाड़ेगी।



# भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए आग लगाने का आरोप

## दुघर्टना में एक की मौत कई स्कूली बच्चे घायल



**धमतरी,06 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एनएच 30 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जीप में सवार होकर स्कूल से घर जा रहे बच्चों तेज रफ्तार डंपर ने चपेट में ले लिया। इस भीषण सड़क हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 8 बच्चे घायल हैं। घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं मौके से डंपर चालक फरार हो गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला अर्जुनी थाना क्षेत्र का है।

## अब प्रदेश के कॉलेजों में पढ़ाएंगे छत्तीसगढ़ी शिक्षक



**रायपुर,06 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ी में एमए करने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ा तोहफा मिला है।अब प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छत्तीसगढ़ी शिक्षक पढ़ाएंगे।

एम.ए. छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों को नौकरी मिलेगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा संचालनालय ने आदेश जारी किया है।

### गुढ़ियारी अग्निकांड को लेकर सीएम साय ने किया जांच कमेटी का गठन

**रायपुर,06 अप्रैल 2024(ए)।** विगत दिवस रायपुर के सीएसपीडीसीएल ट्रांसफार्मर गोदाम में लगी आग की घटना की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जांच के बाद घटना के सही कारणों का पता चलेगा। साथ ही जिन्हें भी इस घटना से क्षति हुई है उसकी भरपाई हमारी सरकार करेगी। भाजपा नेता ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के शासनकाल में ट्रांसफार्मरों में भ्रष्टाचार किया गया जिसे छिपाने के लिए अधिकारियों की सांठ-गांठ से ये भीषण आग लगवाने की संभावना है।

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्य डिपो में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। इसके बाद गोदाम में रखें ट्रांसफार्मर एक के बाद एक ब्लास्ट होते गया। इसे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस भीषण आग से चार हजार ट्रांसफार्मर,केबल, कंडक्टर,मीटर,पावर आइल और इलेक्ट्रिक सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना से 50 करोड़ से अधिक का नुकसान होने का आकलन है। यह गोदाम लगभग साढ़े 3 एकड़ में फैला हुआ है, जहां आग की लपटों के साथ ही असमान धुआं-धुआं दिखने लगा। आग लगने से आसपास के घर बहुत ही गर्म रहा। इलाके में बिजली भी गुल रही। इससे लोग परेशान थे। साथ ही लोग भय के साये में रात गुजारी है।

घटना बीते शुक्रवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे गोदाम में भीषण आग लग गई। आग भड़कते गई और ब्लास्ट होते गया। इसकी आवाज ने रहवासियों का दिल दहला दिया। इस घटना से निपटने के लिए 30 से 40 फायर ब्रिगेड की गाडियां लगी हुई थी। जिसे रात 11 बजे तक काबू पाया गया। इस घटना के दौरान देर रात तक मुख्यमंत्री साय के सचिव पी दयानंद, कलेक्टर, एसएसपी, जिला प्रशासन के अधिकारी और फायर फाइटिंग प्रभारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गोदाम से लगे तीन-तीन किलोमीटर तक रास्ता खाली कराकर बंद कर दिया गया था। साथ ही आसपास के घरों को भी खाली करवाया गया।

आग को बुझाने के लिए एयरपोर्ट के फायर ब्रिगेड (मेड इन आस्ट्रेलिया) को भी बुलाया गया। इस आधुनिक गाड़ी की कीमत पांच करोड रुपये है। पानी की क्षमता और बौछार करने की दूरी दूसरे फायर ब्रिगेड से ज्यादा है। साथ ही भिलाई स्टील प्लांट और निजी जगहों से भी फायर ब्रिगेड गाडियां बुलाई गई और फायर टीम डटी रही। पहला ब्लास्ट की आवाज सुनकर आसपास के लोग दंग रह गए। भीषण आग लगने से एक-एक कर ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होते गए। इस दौरान लोगों का जमावड़ा हो गया। इस दौरान आस-पास रहने वाले सभी लोगों को अलर्ट कर दिया गया। कुछ लोगों को घर खाली करने के निर्देश भी दिए गए। आग का गुबार आसमान में साफ नजर आ रहा है। एहतियात के तौर पर सभी को बाहर निकलने और अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली इसके बाद वहां मौजूद ज्वलनशील पदार्थों पर जा गिरा। इससे आग सुलगने लगी और ट्रांसफार्मर को चपेट में ले लिया। इसके बाद भीषण आग लगी और एक के बाद एक ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने लगा। इस भीषण आग की चपेट में 15 मेगावाट सब स्टेशन भी आ गया। इस सब स्टेशन से गुढ़ियारी,अशोक नगर, कृष्णा नगर, रामनगर, जैसे कई इलाकों में बिजली बंद रही। इससे इलाके को लोग काफी परेशान थे। साथ ही आसपास के घर हिट रहा। आग लगने से प्रशासन की पूरी टीम लगी हुई थी। देर रात तक कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आज भी पूरी तरह से आग बुझाने की कोशिश की गई। इस घटना से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। इस गोदाम में इससे पहले भी दो बार आग लग चुकी है। दो साल जब स्टोर में आग लगी थी, तब आग फैलने से पहले बुझा ली गई थी। सेंटर स्टोर में भीषण आग लगने और आग तेजी से फैलने की वजह से वहां रखे ट्रांसफार्मर, आइल, केबल और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। इस भीषण आग कितना सामान जलकर खाक हुआ,कितना नुकसान हुआ है। इस सभी का आकलन किया जाएगा। साथ ही आग कैसे लगी इस पर भी जांच की जाएगी।



**सीएसपीडीसीएल के मुख्य गोडाउन में आगजनी से बिजली कंपनी को करोड़ों से ज्यादा का हुआ नुकसान,40 परिवारों को मिला मुआवजा**

रायपुर के भारत माता चौक के पास स्थित बिजली कंपनी सीएसपीडीसीएल के मुख्य गोडाउन में आग लगने से बिजली कंपनी को 400 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। आग लगने से चार हजार ट्रांसफॉर्मर,मीटर, कंडक्टर,वायर और ऑयल जलकर खाक हो गया। घटना स्थल पर आज सुबह कलेक्टर डॉ गौरव सिंह पहुंचकर आगजनी के राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के निर्देश भी दिया है। बता दें कि कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर ही जाकर मुआवजे राशि का वितरण किया जा रहा। जिसमे 40 परिवारों को 3 लाख 60 हज़ार रुपए की राहत राशि का वितरण किया गया।

# भूपेश बघेल ने लौटाया मानहानि का नोटिस





**रायपुर,06 अप्रैल 2024 (ए)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीसीसी के पूर्व महामंत्री अरूण सिसोदिया का भेजा मानहानि की नोटिस लेने से इंकार कर दिया है। सिसोदिया ने यह नोटिस स्पीड पोस्ट के जरिए मान सरोवर कालोनी स्थित बघेल के निवास भेजा था। पोस्ट मेन ने नोटिस लेने से मना करने का स्टांप लगाकर सिसोदिया के वकील को लौटा दिया है। अब सिसोदिया के पास कोर्ट में याचिका दायर कर बघेल के समन भिजवाने का विकल्प है। सिसोदिया ने, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भाजपा स्लीपर सेल कहे जाने पर मानहानि का यह नोटिस भेजा है।भारत निर्वाचन आयोग के सामने आचार संहिता उल्लंघन को लेकर भूपेश बघेल के खिलाफ शिकायत बीजेपी की ओर से भी की गई है। भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने शिकायत में कहा है कि पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल ने 26 मार्च को पाटन के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए थे। पत्र में बताया गया कि उन्होंने कहा था अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा। इसलिए पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करें'. इस बयान को भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश बताया है।

## कवासी लखमा ने बताई विधानसभा में हार की वजह...कहा-अपनों ने ही हराया



**जगदलपुर,06 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान बस्तर संसदीय सीट के लिए 19 अप्रैल को होना है। इसके लिए प्रचार प्रसार भी तेजी से किया जा रहा है। इसी बीच कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कवासी लखमा बस्तर संभाग के विभिन्न विकासखंडों में प्रचार रहे हैं और अपने प्रति वोट के लिए अपील भी कर रहे हैं। प्रचार के दौरान लखमा ने कांग्रेस के भीतर गुटबाजी को स्वीकार करते सार्वजनिक किया है। गुरुवार को कवासी लखमा जगदलपुर विधानसभा के दौरे पर थे। इस दौरान लखमा ने चिंगपाल में आम जनता को संबोधित किया. उन्होंने संबोधन के बीच विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार का भी जिक्र किया और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के भीतर बनी रही। गुटबाजी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक किया और अपना दर्द भी बताया। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव में जनता नहीं हराई बल्कि अपनों ने ही चुनाव हराया है. कवासी लखमा ने स्थानीय हल्बी बोली में कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव क्यों हारी है, इसकी जानकारी सभी को है। हराने वाले बीजेपी नहीं है बल्कि कांग्रेस के लोग ही है। कोई कहता है वो रेखचन्द जैन का व्यक्ति है. कोई कहता है वो दीपक बैज का व्यक्ति है और कोई कहता है कि वे राजमन वेंजाम का व्यक्ति है। कोई मिथलेश स्वर्णकार का व्यक्ति है. जिला पंचायत चुनाव भी इसी कारण हारना पड़ा है।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर



**रायपुर,06 अप्रैल 2024(ए)।** तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर बड़ा नक्सल विरोधी ऑपरेशन देखने को मिला है। दरअसल, पुजारी कांकेर के करींगुटा जंगलों में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक सहयोग से तेलंगाना के सुरक्षा बलों के नेतृत्व में एक नक्सल विरोधी अभियान में तीन नक्सली मारे गए। मौके से नक्सलियों के शव और एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि इससे पहले भी कई नक्सल अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है।

तेलंगाना की सीमा से लगे घने जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। इस सप्ताह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित कम से कम 13 नक्सली मारे गए थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है । यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है।

छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ के जवानों के दबाव से नक्सली तेलंगाना की ओर रुख कर रहे हैं। इसी मौके पर तेलंगाना ग्रेहाउंड ने आपरेशन चलाकर छत्तीसगढ़ के नंबी कोर गुट्टा पहाड़ी में घेराबंदी की। इसी बीच जवानों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढ़ेर हो गए। अभी सर्चिंग अभियान जारी है। विस्तृत जानकारी आने में वक्त लगेगा।

### मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की तस्वीर सामने आई

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर डोलीगुट्टा गांव के जंगलों में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए।

# तबादला आदेश में मिली-भगत का अंदेशा

» **जिनका नहीं हो सकता तबादला,एआईएस एमडी ने उनका भी निकाल दिया आदेश...**

» **हल्ला न हो इसलिए निकाला सिंगल-सिंगल आर्डर एसीएस बोले... जांच होगी...**




**रायपुर,06 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले विभिन्न विभागों में बड़े स्तर पर ट्रांसफर आदेश जारी किए गए। कुछ आदेश 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद बैक डेट पर भी निकाले गए। इन सबके बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में भी थोक में ट्रांसफर आर्डर निकाला गया। एनएचएम का यह आर्डर 13 से 15 मार्च की डेट पर निकला है। सामान्यतः अखिल भारतीय सेवा से लेकर जिला कैडर तक का ट्रांसफर आर्डर एक साथ जारी होता है। लेकिन एनएचएम के एमडी आईएएस जगदीश सोनकर के आर्डर में बड़ी बात यह है कि एक ही पद के लोगों का सिंगल-सिंगल आर्डर निकाला गया है। वो भी आचार संहिता से एक दिन पहले। करीब 50 से अधिक ट्रांसफर में बड़ा गोलमाल की खबर है। सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के एक बड़े व्यक्ति से मिलकर इस खेला को अंजाम दिया गया।

9 से ज्यादा सिंगल-सिंगल ट्रांसफर आर्डर हैं। आश्चर्य की बात है कि जिन लोगों का ट्रांसफर किया गया है, वे या तो संविदा नियुक्ति वाले हैं या फिर उसी पद के लिए उन्हें नियुक्त किया गया है। मगर छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार संविदा के साथ नॉन ट्रांसफरेबल अधिकारियों का भी तबादला कर दिया गया। इनका एक जिला से दूसरे जिला में ट्रांसफर किया गया है। फार्मासिस्ट आरबीएसके (संविदा) के पद शंकरगढ़ बलरामपुर में पदस्थ अनिल कुमार कुलस्ते का ट्रांसफर मरवाही कर दिया गया है। राजीव रंजन जिला कार्यक्रम प्रबंधक (संविदा) बलरामपुर से बीजापुर, असरफ अंसारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक (संविदा) कोरबा से कोरिया, पद्माकर शिंदे जिला कार्यक्रम प्रबंधक (संविदा) दुर्ग से कोरबा, सुचिता लकड़ा जिला माइक्रोबायोलाजिस्ट(संविदा) बस्तर से कोरबा और समीम अंजुम जूनियर सचिवीय सहायक पीएडीए (संविदा) सूरजपुर से मनेंद्रगढ़ सहित ऐसे दर्जनों आर्डर निकाले गए हैं।विभागीय जानकारों की मानें तो किसी भी विभाग में संविदा कर्मी का तबादला नहीं किया जाता। एनएचएम के भर्ती नियम के अनुसार संविदा के पोस्ट पर ट्रांसफर नहीं होगा। स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल चीफ सिकरेट्री मनोज पिंगुआ से इस संबंध में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि एनएचएम में ट्रांसफर नहीं हो सकता। पिंगुआ ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है, तो उसे दिखवाएंगे और नियमानुसार इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वविद्यालय में छात्रा की आत्महत्या का प्रबंधन पर सवालिया निशान



**रायपुर,06 अप्रैल 2024(ए)।** राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का विवादों से पुराना नाता रहा है। एक बार फिर विवि प्रबंधन चर्चा में आ गया है जब चर्चा में आ गया है। मामला छात्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने से जुड़ा है।

इस मामले के साथ ही अब कुलपति और प्रशासन पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार विवि में बीटेक एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रही चौथे सेमेस्टर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव हॉस्टल में ही संदिग्ध अवस्था में पाया गया। वहीं इस मामले में विवि प्रबंधन ने चुप्पी साध रखी है।

मिली जानकारी के अनुसार छात्रा ने शुक्रवार की दोपहर अपने कमरे को अंदर से बंद किया और फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब उसकी सहेलियों ने देर शाम उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद सभी ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि छात्रा की लाश फांसी के फंदे से झूल रही है। जिसके बाद सभी ने वार्डन को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि छात्रा ने यह बड़ा कदम क्यों उठाया इसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। मगर इस घटना ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और उसके सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है।

# एसपी ने टीआई को किया सस्पेंड



**बिलासपुर,06 अप्रैल 2024 (ए)।** कार्य में लापरवाही बरतना तोरवा थाना प्रभारी अंजना करकेट्टा को भारी पड़ गया। यहां घटित एक मामले में शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं किये जाने पर थाना प्रभारी को एसपी ने निलंबित कर दिया है।बिलासपुर में दो दिन पहले नकाबपोश बदमाशों ने तोरवा बस्ती की साईं कॉलोनी में घुसकर मोहल्ले में जमकर उत्पात मचाया था। इस मामले में शिकायत के बाद भी कोई ठोस जांच नहीं हुई और कार्रवाई भी नहीं की गई। दरअसल रात के वक्त ही किसी ने एसपी रजनेश सिंह को फोन पर इस मामले की जानकारी दे दी थी, जिसके बाद एसपी ने तोरवा टीआई रंजना करकेट्टा को मामले में कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश दिया था। हालांकि पीड़ित पक्ष को शिकायत के लिए थाने में बुलाया भी गया, मगर आगे कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में एसपी ने एक्शन लेते हुए टीआई अंजना करकेट्टा पर निलंबन की कार्रवाई की है।

# अवैध बिक्री पर लगाम लगाने आबकारी विभाग ने बदला शराब खरीदने का नियम



### अब एक व्यक्ति को मिलेगा सिर्फ एक ही बॉटल

**रायपुर,06अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में अवैध शराब बिक्री पर काबू पाने के लिए आबकारी विभाग ने नये नियम लागू किए है। नये नियम के तहत अब शराब दुकान के काउंटर से एक व्यक्ति एक बार में देशी या अंग्रेजी शराब या फिर बियर की एक बोतल ही खरीद पाएगा।

वहीं दूसरी बार शराब खरीदने के लिए उसे दूसरी दुकान जाना होगा या फिर करीब एक-दो घंटे के बाद वह उसी दुकान में जाकर शराब ले पाएगा।

कुछ दिनों पहले ही छत्तीसगढ़ में प्रदेश सरकार की ओर से शराब का दाम बढ़ा दिया गया है। अब शराब के नियम में भी बदलाव कर दिया गया है। गौरतलब हो कि इससे पहले किसी भी शराब दुकान के काउंटर से एक व्यक्ति एक बार में 4 बोतल यानि 16 पौव्वा तक खरीदने का नियम था। लेकिन अब नये नियम के तहत शराब खरीदने की सीमा कम कर दी गई है। नियम में यह बदलाव का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेशभर के सभी स्थानों में हो रही अवैध शराब व बियर की बिक्री पर लगाम लगाया जा सके। वहीं प्रीमियम शराब दुकानों की तुलना में देशी शराब दुकानों में ज्यादा भीड़ रहती है, इसलिए अद्धी व पौवा खरीदने वालों को राहत दी गई है।

## गैंगस्टर तपन और मुंकू का जेल दाखिल

### जेल अधीक्षक ने कोर्ट में पेश होकर जेल ट्रांसफर का किया था निवेदन



**रायपुर,06 अप्रैल 2024(ए)।** दुर्ग सेंट्रल जेल में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसपी जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई के बाद गैंगस्टर तपन सरकार को जगदलपुर केंद्रीय जेल और नितिन लिंबू उर्फ मुंकू नेपाली को रायपुर केंद्रीय जेल में कोर्ट के आदेश के बाद शिफ्ट किया गया है। इससे पहले दो कैदियों का जेल ट्रांसफर किया गया था। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने कोर्ट में पेश होकर इनके लिए जेल ट्रांसफर का निवेदन किया था।

बताया जा रहा है कि ट्रांसफर आवेदन लगाने के बाद जेल अधीक्षक मनीष संभाकर खुद कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर के लिए न्यायाधीश सुनीता टोप्पो के कोर्ट में उनके समक्ष अपना पक्ष रखा था। जिसके बाद जज ने तपन सरकार के जेल ट्रांसफर का आदेश जारी किया है।कोर्ट के आदेश के बाद तपन के जगदलपुर जेल भेजने के लिए गाड़ी लगाई गई। वज्र नाम की सरकारी गाड़ी में सशस्त्र बल के साथ उसे दुर्ग जेल से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। लेकिन गाड़ी काफी पुरानी और छोटी होने के चलते काफी धीरे चल रही थी। लंबे सफर के हिसाब से गाड़ी कमजोर थी। इसकी सूचना तत्काल पुलिस लाइन में दी गई। फिर जिला अस्पताल में जब डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए गाड़ी को रोका गया। तब उस गाड़ी को बदलकर सरकारी बड़ी बस में उसे सीधे जगदलपुर रवाना किया गया। बताया जाता है कि उसके बाद दुर्ग और जगदलपुर के बीच में गाड़ी कहीं भी नहीं रुकी। सीधे सेंट्रल जेल जगदलपुर में तपन को सुपुर्द करने के वक्त ही गाड़ी रुकी।जेल अधिकारी ने बताया कि जेल में बंद विचाराधीन बंदी को हवालाती बंदी कहा जाता है वहीं सजायाफ्ता को कैदी बंदी कहा जाता है। विचाराधीन बंदी न्यायालय के अंतर्गत आते है, वहीं सजायाफ्ता बंदी जेल प्रशासन के अंतर्गत आते है। उपेंद्र सिंह और रिंकू पांडे कैदी थे, इसलिए जेल प्रशासन ने मुख्यालय के आदेश पर उन्हें जेल ट्रांसफर किया है। वहीं तपन सरकार और मुंकु नेपाली विचाराधीन बंदी है तो उनके लिए जिस कोर्ट में उनका मामला चल रहा है, वही कोर्ट उसमें प्रशासन के आवेदन करने पर ट्रांसफर का आदेश दे सकता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)